RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 03 | ISSUE 119 | SATURDAY DATE 23-05-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## गुस्ताखी माफ

मेलोडी देकर नहीं, सिर्फ़.जताया प्यार।
सिल्क स्टोल भी है दिया, प्रेम पगा उपहार।
प्रेम पगा उपहार, मची है बहुत खलबली।
घी-खिचड़ी हो रहे, देखिए भारत-इटली।
कह साहिल कविराय, नहीं है यह पैरोडी।
कई जगह दिल जले, भेंट की जब मेलोडी।।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

## संक्षिप्त खबरें

### मनी लॉन्ड्रिंग मामले में लालू यादव पर आरोप तय करने का फैसला टला

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 मई।** दिल्ली की एक अदालत ने आईआरसीटीसी होटल घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में राजद प्रमुख और पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ आरोप तय करने पर अपना फैसला 9 जून तक टाल गया है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच किए जा रहे हाई-प्रोफाइल मामले में फैसला सुनाने की अगली तारीख तय की है। ईडी का मामला कथित आईआरसीटीसी होटल घोटाले से अर्जित अपराध की आय के धन शोधन से जुड़ा है, जिसका मूल मामला केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने दर्ज किया था। आरोप है कि लालू ने 2004 से 2009 के बीच केंद्रीय रेल मंत्री रहते हुए आईआरसीटीसी होटलों के संचालन के ठेके देने में अनियमितताएं की थीं।

### थलपति विजय कैबिनेट में आईयूएमएल और वीसीके शामिल, मंत्रिमंडल हुआ पूर्ण



**चेन्नई, यूटर्न/ 22 मई।** तमिलनाडु में थलपति विजय के नेतृत्व वाली सरकार का विस्तार करते हुए इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) और विदुथलाई चिरुथइगल काची (वीसीके) को भी मंत्रिमंडल में जगह मिली है। दोनों दलों के एक-एक विधायक, शाहजहां (आईयूएमएल) और वन्नी अरासू (वीसीके) ने मंत्री पद की शपथ ली। यह कदम तब सामने आया है जब वीसीके प्रमुख थोल थिरुमावलवन ने पहले कहा था कि उनकी पार्टी ने सरकार में शामिल होने के लिए कोई शर्त नहीं रखी थी, लेकिन विजय के प्रस्ताव पर विचार होगा।

## हर घुसपैठिए को 'एक-एक करके' बाहर निकाला जाएगा : अमित शाह

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 मई।**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र सरकार ने न केवल घुसपैठ रोकने का बल्कि हर एक अवैध व्यक्ति की पहचान करने और उन्हें देश से बाहर निकालने का भी संकल्प लिया है। बीएसएफ के संस्थापक और पहले बॉर्डर गार्ड की याद में आयोजित 'के.एफ. रुस्तमजी व्याख्यान' देते हुए गृह मंत्री अमित शाह



ने कहा कि सरकार जनसांख्यिकी में किसी भी तरह के कृत्रिम बदलाव की अनुमति नहीं देगी। उन्होंने सीमावर्ती राज्यों में सुरक्षा व्यवस्था को ज्यादा मजबूत करने के लिए त्रिपुरा, असम और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक करने का भी वादा किया। जनसांख्यिकी में बदलाव के प्रयास को एक साजिश बताते हुए गृह मंत्री शाह ने कहा, 'बीएसएफ को इस साजिश को नाकाम करना होगा। आज मैं यह कह सकता हूं कि त्रिपुरा, असम और पश्चिम बंगाल में ऐसी सरकारें हैं जो इस सिद्धांत का समर्थन करती हैं कि कोई घुसपैठ नहीं होनी चाहिए।'

उन्होंने कहा कि बीएसएफ को न केवल सीमा की रक्षा करनी चाहिए बल्कि घुसपैठियों, घुसपैठ के रास्तों और मवेशियों की तस्करी के रास्तों का पता लगाने और उन्हें बंद करने के लिए गांव के पटवारी, पुलिस स्टेशन, जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के साथ संवाद के पुल भी बनाने चाहिए।

# विकसित भारत के रोडमैप पर हुई चर्चा : पीएम मोदी

### मंत्रिपरिषद की बैठक के बाद पीएम ने कहा सार्थक रही चर्चा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 मई।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक के अगले दिन शुक्रवार को इसमें लिए गए महत्वपूर्ण फैसलों की जानकारी साझा की है। उन्होंने बताया कि इस बैठक में मुख्य रूप से आम जनता के जीवन को आसान बनाने (ईज ऑफ लिविंग), व्यापार को सुगम करने (ईज ऑफ डूइंग बिजनेस) और देश में सुधारों को तेजी से आगे बढ़ाने के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रधानमंत्री ने अपने विदेश दौरों से लौटने के बाद गुरुवार शाम 5 बजे सेवा तीर्थ में इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता की थी। इस बैठक में सभी कैबिनेट मंत्री, राज्यमंत्री और स्वतंत्र प्रभार वाले राज्यमंत्री शामिल हुए।

यह इस वर्ष की पहली पूर्ण मंत्रिपरिषद बैठक थी, जबकि इससे पहले ऐसी बैठक पिछले साल जून में आयोजित की गई थी। बैठक के अगले दिन प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि मंत्रिपरिषद की बैठक काफी सार्थक रही। इसमें विकसित भारत के साझा सपने को साकार करने और सुधारों को गति देने के लिए विचारों तथा बेहतरीन तौर-तरीकों का आदान-प्रदान किया गया।



### भारत-साइप्रस के बीच रणनीतिक साझेदारी, अगले पांच वर्षों में निवेश दोगुना करने का लक्ष्य



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और साइप्रस गणराज्य के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिड्स ने शुक्रवार को नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने साइप्रस के राष्ट्रपति और उनके डेलिगेशन का स्वागत कयिा। कार्यक्रम को संबोधति करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा क राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिड्स का भारत में स्वागत करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। पीएम ने बताया क राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिड्स ने पिछले वर्ष साइप्रस में मेरा अत्यंत गर्मजोशी से स्वागत किया था। भारत के प्रति सम्मान दिखाते हुए आपने मुझे साइप्रस के 'सर्वोच्च सम्मान' से सम्मानित किया। पूरी यात्रा के दौरान आपकी आत्मीयता, आपका स्नेह और भारत के प्रत आपका वशिष जुड़ाव हमने बहुत गहराई से महसूस कयिा। आज आपकी भारत यात्रा हमारी साझा यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा क भारत और साइप्रस की मत्रिता बहुत मजबूत है। लोकतंत्र और रूल ऑफ लॉ जैसे मूल्यों में साझा वश्विास हमारी साझेदारी के आधार है।

### नीट पेपर लीक की मोदी और प्रधान लें जिम्मेदारी: कांग्रेस

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 22 मई।** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि नीट-यूजी 2026 परीक्षा के पेपर लीक मामले में सरकार ने संसदीय समिति के समक्ष गलत बयान दिया है और 2024 के पेपर लीक की सच्चाई छिपाने का प्रयास किया है, जिससे लाखों छात्रों का नुकसान हुआ है, इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। पार्टी ने यह भी आरोप लगाया है कि मोदी सरकार राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के माध्यम से परीक्षा धांधलियों और पेपर लीक मामलों की सच्चाई दबाने का काम कर रही है तथा नीट-यूजी 2026 परीक्षा में पेपर लीक मामले को नकारने की कोशिश की जाती रही है।

### अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर, तो 'आप' विधायकों ने दिल्ली सरकार पर साधा निशाना

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 मई।** दिल्ली की राजनीति में एक बार फिर आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए देश में तेल और गैस के भंडार को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि देश के कई हिस्सों में चिंताजनक हालात देखने को मिल रहे हैं, लेकिन केंद्र सरकार इस मुद्दे पर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे रही है। अरविंद केजरीवाल ने पूछा कि सरकार के पास तेल और गैस का कितना स्टॉक उपलब्ध है, वह कितने दिनों तक चलेगा और नया स्टॉक कब तक आने की उम्मीद है? उन्होंने आरोप लगाया कि इस मुद्दे पर सरकार की चुप्पी से लोगों के बीच भ्रम और डर का माहौल बन रहा है।

## नमाज तय जगहों पर ही पढ़ी जाए, सड़कों पर नहीं : उत्तराखंड सीएम धामी

» **देहरादून, यूटर्न/ 22 मई।**

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को सार्वजनिक सड़कों पर नमाज पढ़ने को लेकर सख्त रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि राज्य में सड़कों पर नमाज पढ़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी। साथ ही चेतावनी दी कि चारधाम यात्रा के दौरान यातायात या कानून-व्यवस्था में बाधा डालने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि हर धर्म का सम्मान किया जाता है, लेकिन कोई भी कानून से ऊपर नहीं है।

सड़कों पर नमाज की अनुमति देने की वकालत करने वाले कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि धार्मिक गतिविधियां तय स्थानों जैसे मस्जिद और ईदगाह में ही होनी चाहिए, न कि सार्वजनिक जगहों पर, जिससे लोगों को परेशानी हो।

धामी ने कहा, 'मैंने एक वरिष्ठ कांग्रेस नेता



को यह कहते हुए सुना कि सड़कों पर नमाज पढ़ने की अनुमति दी जानी चाहिए। हमने साफ कहा है कि नमाज पढ़ने के लिए तय स्थान हैं और वहीं नमाज होनी चाहिए। यही व्यवस्था है और किसी को भी इस व्यवस्था को बिगाड़ने का अधिकार नहीं है।' मुख्यमंत्री ने कहा कि इस समय चारधाम यात्रा चल रही है और देशभर से लाखों श्रद्धालु उत्तराखंड आकर धामों के दर्शन कर रहे हैं।

## नया बिजलीघर बनाना सरकार के वश में नहीं : अखिलेश

» **लखनऊ, यूटर्न/ 22 मई।**

समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भीषण गर्मी के बीच उत्तर प्रदेश में व्याप्त बिजली संकट को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर तंज कसते हुये कहा कि बिजली के नये संयंत्र लगाना सरकार के वश की बात नहीं है।

श्री यादव ने एक्स पर लिखा, ' बिजली के नये प्लांट लगाना तो आपके बस में था नहीं, न ही आपकी तंग सोच में। मुँह से ये कह ही देते '३७660 सुपर क्रिटिकल थर्मल पॉवर प्लांट' तो गर्मी में झुलसते प्रदेशवासियों को सुनकर ही थोड़ी राहत मिल जाती।'

उन्होने कहा, ' भाजपा के कुराज में उप्र में बिजली की सिर्फ़. 'माँग' बढ़ रही है या 'दाम' बढ़ रहे हैं, सप्लाई-आपूर्ति नहीं।

भाजपा राज, यूपी खस्ताहाल।' उन्होंने



अपने संदेश के साथ स्मार्ट नगर, लखनऊ, राजधानी, उत्तर प्रदेश शब्द भी जोड़े।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है और कई जिलों से बिजली कटौती की शिकायतें मिल रही हैं। विपक्ष लगातार बिजली संकट को लेकर सरकार को घेर रहा है।

### दिल्ली में चक्का जाम का दोहरा असर: सबज़ियां महंगी, यात्री परेशान

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 मई।** देश की राजधानी दिल्ली में ऑटो-टैक्सी हड़ताल के दूसरे दिन शुक्रवार को शहर के निवासियों को महंगाई और आवागमन दोनों मोर्चों पर दोहरा झटका लगा। 3 दिवसीय हड़ताल के कारण सब्जियों की कीमतें दोगुनी हो गईं, वहीं यात्रियों को भी गंतव्यों तक पहुंचने में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। दिल्ली की सबसे बड़ी थोक मंडी, आजादपुर मंडी में सब्जियों की आवक में भारी कमी दर्ज की गई। आपूर्ति बाधित होने के कारण धनिया जैसी हरी सब्जियों की कीमत 40 से बढ़कर 100 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है, जबकि अदरक भी 100 से बढ़कर 120-130 रुपये प्रति किलोग्राम तक बिक रहा है। मंडियों में केवल एक या दो दिन का ही स्टॉक बचा है, जिससे आने वाले दिनों में सब्जियों की किल्लत और बढ़ने की आशंका है।

# दिल्ली हाईकोर्ट ने 'आप' नेता गोपाल राय को जारी किया अवमानना नोटिस

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 मई।**

दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) के नेता गोपाल राय और खोजी पत्रकार सौरव दास को नोटिस जारी किया है। यह नोटिस एक आपराधिक अवमानना याचिका के तहत जारी किया गया है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि दोनों ने सोशल मीडिया पर ऐसे आपत्तिजनक और अवमाननापूर्ण सामग्री प्रसारित की, जो न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा के खिलाफ थी। यह मामला कथित आबकारी नीति केस से जुड़ा बताया जा रहा है।




अशोक चैतन्य की ओर से दायर याचिका में आप के राष्ट्रीय संयोजक व पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पार्टी नेता सौरभ भारद्वाज के खिलाफ भी अवमानना की कार्यवाही शुरू करने की मांग की गई थी। हालांकि, न्यायमूर्ति नवीन चावला और रविंदर डुडेजा की खंडपीठ ने कहा कि केजरीवाल और सौरभ भारद्वाज को पहले ही उच्च न्यायालय द्वारा स्वतः संज्ञान अवमानना कार्यवाही में नोटिस जारी किया जा चुका है। अदालत ने दोनों मामलों को एक साथ सुनने का निर्देश दिया और अगली सुनवाई 4 अगस्त के लिए तय की। साथ ही, नए पक्षकारों को जवाब दाखिल करने का आदेश दिया गया और सोशल मीडिया सामग्री को सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए।

अदालत ने वरिष्ठ अधिवक्ता राजदीपा बेहुरा को अमीक्स क्यूरी नियुक्त करते हुए उन्हें सभी संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया। याचिका में आरोप लगाया गया है कि जब अरविंद केजरीवाल और अन्य आरोपियों को आबकारी नीति भ्रष्टाचार मामले में ट्रायल कोर्ट से राहत मिली, तो सीबीआई ने दिल्ली हाईकोर्ट में रिवीजन याचिका दायर की, जो न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा के समक्ष सूचीबद्ध हुई।

## संक्षिप्त खबरें

**आप ने पार्क उद्घाटन के लिए मुख्यमंत्री की गाड़ियों के काफिले पर कसा तंज**

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 22 मई।** आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बचत संबंधी अपील की अनदेखी की और सैकड़ों गाड़ियों के काफिले के साथ एक छोटे से पार्क का उद्घाटन करने पहुंचीं। आप के वरिष्ठ नेता एवं बुराड़ी से विधायक संजीव झा ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री की बचत संबंधी अपील की अनदेखी करते हुए मुख्यमंत्री सैकड़ों गाड़ियों के काफिले के साथ बुराड़ी स्थित मुखमेलपुर एक छोटे से पार्क का उद्घाटन करने पहुंचीं। उन्होंने कहा कि एक तरफ आम जनता पेट्रोल-डीजल की समस्या से जूझ रही है, जबकि दूसरी तरफ जनता के पैसे का फिजूलखर्ची में इस्तेमाल किया जा रहा है। श्री झा ने कहा कि भाजपा नेताओं और मुख्यमंत्रियों का इन दिनों केवल पीआर अभियान चल रहा है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री पहले 180 मीटर की दूरी पैदल चलकर एलजी हाउस गईं और उसका प्रचार किया गया, जबकि अब एक छोटे से पार्क के उद्घाटन के लिए अलग-अलग कॉलोनियों से सैकड़ों गाड़ियां और बसें जुटाई गईं।

## खेल निधि की लूट गिराती है खिलाड़ियों का मनोबल, हेराफेरी को रोके सरकार : कांग्रेस

नयी दिल्ली, यूटर्न/ 22 मई। कांग्रेस ने कहा है कि खिलाड़ियों के लिए बनी राष्ट्रीय खेल विकास निधि (एनएसडीएफ) का इस्तेमाल आईएएस अधिकारियों के आवासों और वेलफेयर एसोसिएशनों में खेल परिसरों के निर्माण पर किया जा रहा है, जिससे खिलाड़ियों का मनोबल गिर रहा है और सरकार को इस कथित हेराफेरी को तत्काल रोकना चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि अगस्त 2025 में शिक्षा, महिला, बाल, युवा एवं खेल संबंधी संसदीय स्थायी समिति ने यह मुद्दा उठाया था कि एनएसडीएफ में दान किए गए धन का इस्तेमाल आईएएस अधिकारियों के आवासों और वेलफेयर एसोसिएशनों में खेल परिसरों के निर्माण पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक पत्रकार की जांच में बाबुओं के लिए बनाई गई आलीशान खेल सुविधाओं का खुलासा हुआ है। इन परियोजनाओं को उसी फंड से वित्तपोषित किया गया, जिससे टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम को सहायता मिलती है, जो ओलंपिक पदक जीतने की संभावना रखने वाले देश के श्रेष्ठ खिलाड़ियों को सहयोग देने के लिए सरकार की प्रमुख योजना है।

## दिल्ली में पानी-सीवर शुल्क में की गई कटौती, नई आईएफसी नीति से लोगों को मिली राहत

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 मई।**

दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) ने पानी और सीवर से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर शुल्क (आईएफसी) में बड़ा बदलाव करते हुए लोगों को राहत देने का फैसला किया है।




नई नीति के तहत अब आईएफसी पानी की वास्तविक मांग के आधार पर लिया जाएगा। यह शुल्क केवल नई डेवलपमेंट या किसी प्रॉपर्टी में अतिरिक्त निर्माण पर लागू होगा। जिन रीडेवलपमेंट मामलों में पानी की मांग नहीं बढ़ेगी, वहां आईएफसी नहीं लिया जाएगा। इसके अलावा, आईएफसी की गणना करते समय नॉन-एफएआर और खुले क्षेत्रों को शामिल नहीं किया जाएगा। नई व्यवस्था के तहत ई और एफ श्रेणी की कॉलोनियों में रहने वालों को आईएफसी में 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी जबकि जी और एच श्रेणी की कॉलोनियों में 70 प्रतिशत तक की राहत दी जाएगी। साथ ही, आईएफसी केवल उन्हीं प्रॉपर्टीज पर लागू होगा जो 200 वर्ग मीटर से बड़े प्लॉट पर बनी हैं। प्लॉट का आकार सेल डीड, कन्वेंस डीड, रजिस्टर्ड जीपीए या एग्रीमेंट टू सेल जैसे दस्तावेजों के आधार पर तय किया जाएगा। दिल्ली जल बोर्ड ने छोटे आवासीय यूनिट्स को भी बड़ी राहत दी है। 200 वर्ग मीटर से बड़े प्लॉट पर बनी 50 वर्ग मीटर तक की आवासीय इकाइयों को पानी और सीवर आईएफसी में अतिरिक्त 50 प्रतिशत छूट दी जाएगी। वहीं, आयकर अधिनियम की धारा 12एबी के तहत पंजीकृत संस्थानों और धार्मिक स्थलों को भी इतनी ही छूट मिलेगी। जिन संस्थागत और व्यावसायिक भवनों में 'जीरो लिक्विड डिस्चार्ज' वाला सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) काम कर रहा है, उन्हें सीवर आईएफसी में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। हालांकि, एसटीबी बंद मिलने पर प्रतिदिन 0.05 प्रतिशत का जुर्माना लगाया जाएगा।

नई नीति से लोगों पर आर्थिक बोझ काफी कम होगा। उदाहरण के तौर पर, 200 वर्ग मीटर से बड़े प्लॉट पर बने 300 एफएआर और चार मंजिला मकान के लिए ए और बी श्रेणी की कॉलोनियों में पहले जहां करीब 13.18 लाख रुपये आईएफसी देना पड़ता था, अब यह घटकर लगभग 5.40 लाख रुपये रह जाएगा। वहीं, ई और एफ श्रेणी में यह शुल्क करीब 2.70 लाख रुपये और जी व एच श्रेणी में करीब 1.62 लाख रुपये होगा।

## कर्नल पांडे ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के महत्व एवं जीवन में स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया



» **हरियाणा, यूटर्न/ 22 मई।**

Oxford Public School Uklana Mandi में 3 HAR गर्ल्स बटालियन NCC के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल ज्ञान प्रकाश पांडेय का प्रेरणादायक दौरा हुआ। यह कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य डॉ. भुवनेश भारद्वाज एवं एनओ लेफ्टिनेंट तनिषा चावला की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर कर्नल ज्ञान प्रकाश पांडेय ने एनसीसी कैडेट्स एवं विद्यार्थियों को एनसीसी के नियमों, अनुशासन एवं कर्तव्यों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कैडेट्स को अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, समय पालन एवं राष्ट्रसेवा की भावना अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि एनसीसी विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने योग, नियमित व्यायाम एवं शारीरिक फिटनेस के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को योग एवं ध्यान को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया ताकि मानसिक शांति एवं शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर बना रहे। साथ ही उन्होंने आध्यात्मिक जागरूकता (Spiritual Awakening) सकारात्मक सोच एवं नैतिक मूल्यों के महत्व के बारे में भी बताया। कर्नल पांडेय ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के महत्व एवं जीवन में स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मेहनत, अनुशासन एवं समर्पण से ही जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं एनसीसी कैडेट्स ने बड़े उत्साह के साथ सहभागिता की। विद्यालय प्रबंधन ने कर्नल ज्ञान प्रकाश पांडेय का विद्यालय आगमन पर हार्दिक स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। यह प्रेरणादायक सत्र विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी एवं उत्साहवर्धक सिद्ध हुआ।



## स्थानीय स्तर पर कार्य करना ही जैव विविधता संरक्षण की कुंजी : भूपेंद्र यादव

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 मई।**

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा है कि वैश्विक पर्यावरणीय परिणाम तभी संभव हैं जब स्थानीय स्तर पर समुदायों को सशक्त बनाकर जैव विविधता संरक्षण को आगे बढ़ाया जाए।।

श्री यादव ने अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को भोपाल में भारतीय वन प्रबंधन संस्थान (आईआईएफएम) में आयोजित राष्ट्रीय समारोह एवं चीता संरक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत दुनिया के सबसे अधिक जैव विविधता वाले देशों में शामिल है, जहां हिमालय, वन, आर्द्रभूमि, घास के मैदान, रेगिस्तान और समुद्री तंत्र जैसे विविध पारिस्थितिक तंत्र पाए जाते हैं।

इस दौरान मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी मौजूद थे।

उन्होंने कहा कि पवित्र उपवनों और पारंपरिक संरक्षण की सामुदायिक व्यवस्थाएं जैसी स्थानीय प्रथाएं भारत की समृद्ध पारिस्थितिक परंपरा को दर्शाती हैं।




उनका कहना था कि जैव विविधता सम्मेलन और कुनमिंग-मॉन्ट्रियल वैश्विक जैव विविधता ढांचे के प्रति भारत की प्रतिबद्धता दोहराते हैं।

उन्होंने कहा कि संरक्षण की सोच अब एकल प्रजातियों से आगे बढ़कर पूरे पारिस्थितिकी तंत्र की रक्षा पर केंद्रित हो चुकी है और भारत सरकार द्वारा जैव विविधता अधिनियम, 2002 के तहत राष्ट्रीय, राज्य और स्थानीय स्तर पर मजबूत संस्थागत ढांचा विकसित किया गया है। श्री यादव ने कहा कि पहुंच और लाभ-साझेदारी व्यवस्था के तहत लगभग 145 करोड़ रुपये लाभार्थियों को जारी किए जा चुके हैं, जिससे करीब 11,000 जैव विविधता प्रबंधन समितियों को लाभ मिला है।

# जीवनदायिनी यमुना को मिलेंगी नई सांसें, 43 में से 17 ड्रेन ट्रेप, 22 नालों पर जारी है काम

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 मई।**

यमुना नदी में गिरने वाले गंदे पानी को रोकने, उसका मार्ग बदलने और उपचार के लिए लगातार काम किया जा रहा है। 43 चिन्हित नालों में से अब तक 17 नालों को बीच में रोककर उनका पानी सीवर नेटवर्क की ओर मोड़ दिया गया है, जिससे बिना उपचारित सीवेज सीधे नदी में जाने से रोका जा सके।

यह खुलासा दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) में प्रगति रिपोर्ट दाखिल कर किया है। रिपोर्ट के अनुसार, एक नाला अवरोधन के अंतिम चरण में है, जबकि 22 नालों पर काम जारी है।

डीजेबी के मुख्य अभियंता (ड्रेनेज) पवन कुमार ने बताया कि इनमें से 6 नालों का काम 30 जून 2026 तक पूरा करने और बचे हुए 16 नालों का काम 31 दिसंबर 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

एक नाला नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के अधिकार क्षेत्र में है, जहां संबंधित विभाग के साथ समन्वय किया जा रहा है।



वहीं, दो नालों के लिए विकेंद्रीकृत सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (डीएसटीपी) लगाने की प्रक्रिया चल रही है और फिलहाल उनकी टेंडर प्रक्रिया जारी है।

उन्होंने बताया कि कुछ जेजे क्लस्टर नालों को जमीन की बनावट कारणों से मौजूदा सीवर नेटवर्क से जोड़ना संभव नहीं है।

ऐसे मामलों में मॉड्यूलर पोर्टेबल डीएसटीपी लगाने की योजना पर काम किया जा रहा है।

**गंदे पानी को रोकने की राह में अटकीं परियोजनाएं:** रिपोर्ट में अलग-अलग नालों की स्थिति भी बताई गई है। ड्रेन नंबर डी1 और डी2 पर काम जारी है और डी1 का लगभग 50 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। एडी2 पर करीब 30 प्रतिशत, एडी3 और एडी4 पर लगभग 10 प्रतिशत तथा एडी8 पर लगभग 20 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। इन सभी कार्यों को 30 जून 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं, एडी9, एडी10 और एडी13 नालों का काम दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) से सड़क काटने की अनुमति नहीं मिलने के कारण रुका हुआ है। अब इनका काम 31 दिसंबर 2026 तक पूरा होने की संभावना जताई गई है।

नालों के लिए सूखे मौसम में पानी के बहाव का हो रहा अध्ययन रिपोर्ट के अनुसार, केडी1 नाले पर प्रस्तावित डीएसटीपी का मामला फिलहाल अवॉर्ड स्टेज पर है और तकनीकी कारणों से इसमें अतिरिक्त समय लग रहा है। केडी5, केडी6, केडी9, केडी11, केडी12, केडी14, केडी15 और केडी16 नालों के लिए दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डूसिब) के साथ समन्वय जरूरी बताया गया है, ताकि एकल डिस्चार्ज पॉइंट बनाया जा सके। प्लान के अनुसार 30 जून तक सारे ड्रेन ट्रैप कर दिए जाएंगे। एनजीटी इस मामले में कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है, जिसमें निजामुद्दीन वेस्ट के निवासियों ने मानसून में जलभराव और नालियों की समस्या उठाई है।



## देवर्षि नारद जयंती पर आयोजित पत्रकार मिलन समारोह में उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए मिला सम्मान

**हरियाणा, यूटर्न/ 22 मई।** गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय एवं विश्व संवाद केंद्र, हिसार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित देवर्षि नारद जयंती समारोह एवं पत्रकार मिलन कार्यक्रम में हिसार टुडे के संपादक महेश महता को उत्कृष्ट पत्रकारिता सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों ने उन्हें स्मृति चिन्ह एवं पटका पहनाकर सम्मान प्रदान किया। कार्यक्रम का आयोजन 'समाज परिवर्तन में पत्रकारिता की भूमिका' विषय पर किया गया, जिसमें जिले के अनेक वरिष्ठ पत्रकार, शिक्षाविद और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं सह प्रांत प्रचार प्रमुख विक्रांत जी ने पत्रकारिता को राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव बताते हुए कहा कि निष्पक्ष और सकारात्मक पत्रकारिता समाज को सही दिशा देने का कार्य करती है। मुख्य अतिथि एवं जीएसटी संयुक्त आयुक्त कृष्ण कुमार ने भी पत्रकारिता को लोकतंत्र का सशक्त स्तंभ बताते हुए कहा कि पत्रकार समाज में जागरूकता और जनहित के मुद्दों को सामने लाने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं इस अवसर पर हिसार के विभिन्न मीडिया संस्थानों से जुड़े पत्रकारों को सम्मानित किया गया, जिनमें महेश महता का नाम प्रमुख रूप से शामिल रहा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान और भारत माता की जय के उद्घोष के साथ हुआ।

# गीता कन्या विद्यालय में कन्या भारती शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

» परमिंदर सिंह



कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 22 मई। विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वाधान में संचालित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कन्या भारती शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना द्वारा किया गया। कन्या भारती की संयोजिका श्रीमती सुनैना ने कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने बताया का कन्या भारती के समस्त सदस्य एक संगठन के रूप में विद्यालय के विकास एवं विद्यार्थियों की प्रगति को ध्यान में रखते हुए अपने दायित्व का निर्वहन करते हैं। सभी चयनित पदाधिकारियों को तिलक लगाकर पट्टिका पहनाई गई तथा अपने दायित्व को निष्ठा पूर्वक निभाने के लिए शपथ दिलाई गई सभी चयनित सदस्यों को प्रेरित किया गया कि उन्हें सकारात्मक विचारों के साथ निरंतर आगे बढ़ते रहना है। उन्हें केवल अपनी जिम्मेदारी पर ध्यान रखना है तथा अपना लक्ष्य सदैव ऊंचा रखना है, सभी के प्रति समभाव रखते हुए पहले विद्यालय स्तर पर, फिर महाविद्यालय स्तर पर तथा इसी प्रकार आगे बढ़ते हुए राष्ट्र स्तर पर देश का नेतृत्व करने के लिए अपने अंदर गुणों का विकास करना है।

कन्या भारती में यशवी अध्यक्षा, प्रिया उपाध्यक्षा, प्रज्ञा मंत्री, सरगम सह - मंत्री , वंशिका सेनापति , होमा वंदना सयोजिका, अर्शप्रीत अनुशासन, वंशिका कोषाध्यक्ष, रीतिका,पूजा खोया - पाया विभाग, पल्लवी,भावना, जसमीत जल विद्युत विभाग, खुशबू ,मन्नत संपादिका के लिए चयनित हुई। इसके पश्चात कक्षा -कक्ष परिषद, आहार परिषद,स्वास्थ्य परिषद, शिक्षा परिषद,अनुशासन परिषद, खेल परिषद ,बिजली एवं फर्नीचर परिषद बनाकर सभी चयनित सदस्यों को उनकी जिम्मेदारियां सौंपी गई। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह कलेर , उपाध्यक्ष डॉ जितेंद्र कुमार , प्रबंधक बलबीर प्रकाश , कोषाध्यक्ष सुरेश सैनी , शिक्षाविद् डॉ हरि प्रकाश शर्मा , सदस्य डॉ सौरभ त्रिखा एवं डॉ राजेश अग्रवाल , महिला प्रतिनिधि श्रीमती अंजलि शर्मा एवं प्राचार्या श्रीमती सुमन बाला ने सभी पदाधिकारियों को बधाई एवम् शुभाशीष प्रेषित किया ' कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान द्वारा किया गया।

# आदेश मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में शुरू हुई एनएबीएल एक्रीडिटेड लैब

### आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में आदेश अस्पताल का एक और बड़ा कदम

» प्रमोद कौशिक




कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 22 मई। मोहड़ी स्थित आदेश मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में अब एनएबीएल एक्रीडिटेड लैब की शुरूआत हो गई है। लैब का शुभारंभ आदेश ग्रुप के चेयरमैन डा. एच.एस. गिल और अस्पताल के निदेशक डा. गुणतास सिंह गिल ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर अस्पताल के प्रिंसीपल, वरिष्ठ चिकित्सक, विभागाध्यक्ष और स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। सभी ने पैथोलॉजी एवं डायग्नोस्टिक विभाग की पूरी टीम को इस उपलब्धि पर बधाई दी। इस मौके पर आदेश ग्रुप के चेयरमैन डॉ. एच. एस. गिल ने कहा आदेश ग्रुप हमेशा से स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता और आधुनिक तकनीकों को प्राथमिकता देता आया है। एनएबीएल एक्रीडिटेड लैब की शुरूआत आदेश के लिए गर्व का विषय है। इससे क्षेत्र के लोगों को उच्च स्तरीय जांच सुविधाएं उपलब्ध होंगी और मरीजों का विश्वास और मजबूत होगा। अस्पताल के निदेशक डा. गुणतास सिंह गिल ने कहा आदेश अस्पताल पहले से ही बेहतरीन लैब सुविधाएं प्रदान कर रहा था लेकिन अब एनएबीएल एक्रीडिटेशन मिलने के बाद हमारी यहां की सेवाएं और अधिक प्रमाणिक एवं उन्नत हो गई हैं। हमारा लक्ष्य मरीजों को बेहतर, तेज और सटीक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के दौरान लैब सेवाओं की प्रभारी डा. प्रियंका टांगरी ने एनएबीएल एक्रीडिटेड लैब की सुविधाओं, गुणवत्ता मानकों और मरीजों को मिलने वाले लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एनएबीएल मान्यता मिलने से जांच रिपोर्टों की गुणवत्ता और विश्वसनीयता राष्ट्रीय स्तर के मानकों के अनुरूप सुनिश्चित होती है। कार्यक्रम में मौजूद चिकित्सकों और स्टाफ ने पैथोलॉजी एवं डायग्नोस्टिक विभाग की पूरी टीम को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दीं। सभी ने कहा कि यह उपलब्धि अस्पताल की गुणवत्ता आधारित चिकित्सा सेवाओं के प्रति मजबूत कदम है। इस अवसर पर प्रिंसीपल डा.एन.एस. लांबा, डा. अरमान खोसा गिल, डा. गुरसतिन्द्र सिंह, डा. नरेश ज्योति सहित कई चिकित्सक व विभागाध्यक्ष मौजूद रहे। एनएबीएल लैब की शुरूआत करते डा. एच.एस. गिल व डा. गुणतास सिंह गिल।

# इस साल 25 मई से 2 जून तक नौतपा

### जानिए भीषण गर्मी के पीछे ज्योतिषीय और वैज्ञानिक कारण

» अश्विनी वालिया



कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 22 मई। गर्मी ने चारों तरफ हाहाकार मचा रखी हैं और अभी 25 मई से नौतपा और अधिक गर्मी लाने वाला हैं गायत्री ज्योतिष अनुसंधान केंद्र के संचालक डॉ रामराज कौशिक ने बताया की नौतपा तब होता है जब सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करता है. यह हर साल आता है और इस दौरान 9 दिनों तक सूर्य देव उग्र रूप में रहते हैं.

सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करते ही पृथ्वी का तापमान बढ़ जाता है और भीषण गर्मी का सामना करना पड़ता है. इस वर्ष सूर्य रोहिणी नक्षत्र में 25 मई को 15:37 बजे प्रवेश करेंगे. इसके बाद सूर्य रोहिणी नक्षत्र में 8 जून को 13:33 बजे तक अर्थात 15 दिन रहेंगे.

ऐसे में सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश के प्रारंभ के नौ दिन तक नौतपा का प्रभाव रहेगा. 8 जून को ही सूर्य देव मृगशिरा नक्षत्र में प्रवेश कर जायेंगे और 15 जून को मिथुन राशि में प्रवेश करेंगे. रोहिणी नक्षत्र में सूर्यदेव के प्रवेश से नौतपा भी प्रारंभ हो जाएगे. नौतपा से आशय सूर्य का नौ दिनों तक अपने सर्वोच्च ताप में होना है यानि इस दौरान गर्मी अपने चरम पर होती है.

ज्योतिष में क्यों खास है रोहिणी नक्षत्र?

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, रोहिणी नक्षत्र वृषभ राशि के दायरे में आता है. वृषभ राशि के स्वामी शुक्र देव माने जाते हैं, जबकि रोहिणी नक्षत्र के अधिपति चंद्रमा हैं. शुक्र और चंद्रमा दोनों को शीतलता, सौंदर्य और कोमलता का प्रतीक माना गया है. दूसरी ओर सूर्य अग्नि, तेज और उग्र ऊर्जा के कारक माने जाते हैं. ज्योतिषीय मान्यता कहती है कि जब सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करते हैं, तो उनकी प्रचंड ऊर्जा शुक्र और चंद्रमा के शीतल प्रभाव पर भारी पड़ जाती है. इसी कारण वातावरण में बहुत ज्यादा गर्मी बढ़ती है.

**नौतपा में बारिश हो तो क्या होता है:** रामराज कौशिक ने बताया की नौतपा में जितना तापमान चढ़ेगा, आने वाले समय में उतनी ही अच्छी वर्षा होने की भी संभावना बढ़ जाती है. ज्योतिष के अनुसार, यदि नौतपा में बारिश हो जाए, तो आने वाले समय में बारिश में कमी रहती है. रोहिणी नक्षत्र के स्वामी चंद्रमा हैं, जहां सूर्य व चंद्रमा में मित्रता है. वहीं रोहिणी नक्षत्र वृष राशि में आता है, जिसके स्वामी शुक्र हैं. शुक्र और सूर्य को एक-दूसरे का शत्रु माना गया है.

# देवर्षि नारद जयंती पर आयोजित पत्रकार मिलन समारोह में उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए मिला सम्मान

» राजेश सलूजा



हरियाणा, यूटर्न/ 22 मई। गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय एवं विश्व संवाद केंद्र, हिसार के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित देवर्षि नारद जयंती समारोह एवं पत्रकार मिलन कार्यक्रम में हिसार टुडे के संपादक महेश महता को उत्कृष्ट पत्रकारिता सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों ने उन्हें स्मृति चिन्ह एवं पटका पहनाकर सम्मान प्रदान किया।

कार्यक्रम का आयोजन 'समाज परिवर्तन में पत्रकारिता की भूमिका' विषय पर किया गया, जिसमें जिले के अनेक वरिष्ठ पत्रकार, शिक्षाविद और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं सह प्रांत प्रचार प्रमुख विक्रांत जी ने पत्रकारिता को राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव बताते हुए कहा कि निष्पक्ष और सकारात्मक पत्रकारिता समाज को सही दिशा देने का कार्य करती है। मुख्य अतिथि एवं जीएसटी संयुक्त आयुक्त कृष्ण कुमार ने भी पत्रकारिता को लोकतंत्र का सशक्त स्तंभ बताते हुए कहा कि पत्रकार समाज में जागरूकता और जनहित के मुद्दों को सामने लाने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। इस अवसर पर हिसार के विभिन्न मीडिया संस्थानों से जुड़े पत्रकारों को सम्मानित किया गया, जिनमें महेश महता का नाम प्रमुख रूप से शामिल रहा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान और भारत माता की जय के उद्घोष के साथ हुआ।

# मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में हरियाणा विकास की नई बुलंदियों को छू रहा है : सुनीता सोनी

» राजेश सलूजा



सुनीता सोनी भाजपा नेत्री एवं गौ रक्षक

हरियाणा, यूटर्न/ 22 मई। भाजपा नेत्री एवं गऊ रक्षक सुनीता सोनी (आदमपुर मंडी) ने हरियाणा सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश निरंतर प्रगति के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क नेटवर्क और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में देशभर में अपनी अलग पहचान बना रहा है।

सुनीता सोनी (आदमपुर मंडी) ने कहा कि प्रदेश का प्रत्येक जिला राष्ट्रीय राजमार्गों से जुड़ चुका है, जिससे लोगों को बेहतर यातायात सुविधाएं मिल रही हैं। इसके साथ ही व्यापार, उद्योग और रोजगार के नए अवसर भी उत्पन्न हुए हैं। मजबूत सड़क नेटवर्क ने प्रदेश की आर्थिक स्थिति को मजबूती प्रदान की है और ग्रामीण क्षेत्रों तक विकास की गति पहुंचाई है।

> उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की दिशा में किए जा रहे प्रयास ऐतिहासिक हैं। इससे आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी और युवाओं को मेडिकल शिक्षा के लिए अन्य राज्यों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की दिशा में किए जा रहे प्रयास ऐतिहासिक हैं। इससे आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी और युवाओं को मेडिकल शिक्षा के लिए अन्य राज्यों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

वरिष्ठ भाजपा नेत्री एवं गऊ रक्षक सुनीता सोनी (आदमपुर मंडी) ने महिलाओं के लिए चलाई जा रही लाडो लक्ष्मी योजना की सराहना करते हुए कहा कि जिन महिलाओं की वार्षिक आय एक लाख रुपये से कम है, उन्हें सरकार द्वारा प्रतिमाह 2100 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करना महिला सशक्तिकरण की दिशा में सराहनीय कदम है। इससे महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिल रही है और उनका सामाजिक सम्मान भी बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का नेतृत्व सरल, पारदर्शी और जनसेवा को समर्पित है। सरकार 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' की भावना के साथ कार्य कर रही है। आने वाले समय में हरियाणा देश के सबसे विकसित राज्यों में शामिल होगा और विकास का नया मॉडल बनकर उभरेगा।

यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# MCD ने लावारिश कुत्तों की नसबंदी और पुनर्वास के लिए बढ़ाया फोकस, सात माह में 55 हजार कुत्तों की नसबंदी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 मई।**



अगस्त 2025 में सुप्रीम कोर्ट के लावारिश कुत्तों के प्रबंधन, सार्वजनिक सुरक्षा और रेबीज नियंत्रण को लेकर दिए गए निर्देशों के बाद एमसीडी ने बड़े स्तर पर कार्रवाई शुरू की है। एमसीडी की वर्ष 2025-26 की उपलब्धियों की रिपोर्ट के अनुसार एक सितंबर 2025 से 31 मार्च 2026 के बीच 54,954 आवारा कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण किया गया।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में स्थानीय निकायों को आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या, लोगों पर हमलों और रेबीज के खतरे को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद एमसीडी ने नसबंदी अभियान तेज करने के साथ-साथ फीडिंग प्वाइंट, पुनर्वास केंद्र और माइक्रो-चिपिंग जैसी योजनाओं पर काम शुरू किया। एमसीडी ने 250 वार्डों में 735 निर्धारित फीडिंग प्वाइंट चिन्हित किए हैं। उसका कहना है कि इससे सार्वजनिक स्थानों पर अनियंत्रित तरीके से कुत्तों को भोजन देने की समस्या कम हुई और कुत्तों की निगरानी भी आसान होने की संभावना हो गई है।

रिपोर्ट के अनुसार, नजफगढ़ जोन के द्वारका सेक्टर-29 में लगभग 2.5 से 3 एकड़ जमीन पर आक्रामक और रेबीज संदिग्ध आवारा कुत्तों के लिए स्थायी पुनर्वास केंद्र विकसित किया जा रहा है। इस केंद्र में करीब 1500 कुत्तों को रखा जा सकेगा। एमसीडी अधिकारियों के मुताबिक, परियोजना अगले पांच से छह महीनों में पूरी होने की संभावना है।

एमसीडी के आंकड़ों के अनुसार अप्रैल 2024 से मार्च 2025 के बीच 1,20,264 कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण किया गया था। मार्च से जुलाई 2025 के बीच 42,761 कुत्तों का बंध्याकरण किया गया, जबकि एक सितंबर 2025 से 31 मार्च 2026 तक 54,954 आवारा कुत्तों की नसबंदी और एंटी-रेबीज वैक्सीनेशन किया गया। अधिकारियों के अनुसार, वर्ष 2022 से 31 मार्च 2026 तक लाखों कुत्तों को एबीसी कार्यक्रम के तहत कवर किया जा चुका है और अब अभियान को तकनीकी निगरानी से जोड़ा जा रहा है।

## साइबर ठगी गिरोह को बैंक खाता उपलब्ध कराने वाला आरोपी गिरफ्तार

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 22 मई।** साइबर अपराध थाना दक्षिण की पुलिस ने साइबर ठगी गिरोह को बैंक खाता मुहैया कराने वाले आरोपी को 21 मार्च को राजस्थान के जयपुर से गिरफ्तार किया है। मामले में पीड़ित से अक्तूबर 2025 में ऑनलाइन ऑर्डर पहुंचाने के लिए पता वेरिफिकेशन के नाम पर ठगी की गई। आरोपी की पहचान जयपुर (राजस्थान) के चन्दलाई गांव निवासी प्रकाश मीणा उर्फ पिन्टू के रूप में हुई है। जांच के दौरान पता चला कि शिकायतकर्ता से ठगी गई राशि में से 26,750 रुपये आरोपी विशाल बुनकर के बैंक खाते में ट्रांसफर हुए थे, जिसको गुरुग्राम पुलिस ने 16 दिसंबर 2025 को गिरफ्तार किया गया था। आरोपी विशाल बुनकर ने यह बैंक खाता आरोपी प्रकाश मीणा उर्फ पिन्टू मीणा को 2,500 रुपये में बेचा था।

## 52 परीक्षा केंद्रों पर दो शिफ्ट में 20 हजार 76 अभ्यर्थी होंगे शामिल

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 22 मई।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित सिविल सर्विस प्रीलिमिनरी परीक्षा 24 मई को जिले में दो शिफ्ट में आयोजित की जाएगी। परीक्षा के सफल, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी संचालन को लेकर लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता एडीसी सोनू भट्ट ने की।

## संक्षिप्त खबरें

### यूट्यूब पर सीखा फिर किए 30 दोपहिया वाहन चोरी, दो गिरफ्तार

**लोनी, यूटर्न/ 22 मई।** अंकुर विहार थाना पुलिस ने वाहन चोर गिरोह के दो सदस्यों को अल्वी नगर कॉलोनी के पास से गिरफ्तार किया है। एक आरोपी भागा हुआ है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी के 18 वाहन बरामद किए हैं। पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि दोनों ने यू-ट्यूब पर वाहन चोरी करने का तरीका सीखा था। आरोपियों ने दिल्ली-एनसीआर में 30 से अधिक वाहन चोरी किए हैं। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पुलिस अल्वी नगर कॉलोनी के पास वाहनों की चेकिंग कर रही थी। उसी दौरान बाइक पर सवार दो संदिग्ध आए। उनको रोकर कागजात दिखाने के लिए कहा तो वे कोई साक्ष्य नहीं दिखा सके। बाइक की जांच की तो पाया कि उसे एक माह पूर्व डीएलएफ छठ घाट अंकुर एनक्लेव से चोरी किया गया था। पूछताछ में दोनों ने अपने नाम अमजद निवासी प्रेम नगर थाना लोनी और बिलाल निवासी नसबंदी कॉलोनी लोनी बताए। भागे हुए आरोपी का नाम माजिद निवासी प्रेम नगर थाना लोनी बताया। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि तीनों ने दिल्ली-एनसीआर से 30 से ज्यादा दोपहिया वाहन चोरी किए हैं।

### युवती से तीन साल तक दुष्कर्म का आरोपी ऑटो चालक गिरफ्तार

**लोनी, यूटर्न/ 22 मई।** ट्रॉनिका सिटी थानाक्षेत्र की एक कॉलोनी में युवती से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किया है। आरोपी ने युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया था। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि युवती ने पुलिस को शिकायत में बताया था कि औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक निजी फैक्टरी में नौकरी करती हैं। सिल्वर सिटी कॉलोनी निवासी ऑटो चालक रहीम ने शादी का झांसा देकर तीन वर्ष तक दुष्कर्म किया। कुछ दिन पहले युवक ने किसी दूसरी युवती से विवाह कर लिया।

### सिनेमा घर में लगी आग, 10 टैंकर से एक घंटे की मशक्कत से बुझाई आग

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 22 मई।** कौशांबी थाना क्षेत्र के पेसेफिक मॉल के सिनेमा घर में बृहस्पतिवार सुबह आग लग गई और हाल व प्रोजेक्टर रूम में रखा सामान जलकर राख हो गया। घटना के दौरान अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों की सूचना पर दमकल कर्मियों ने 10 फायर टेंडर और मॉल में लगे फायर फाइटिंग सिस्टम से करीब एक घंटे में आग पर काबू पाया।

# इंस्टाग्राम पर दोस्ती, धर्म परिवर्तन कर निकाह फिर सामूहिक दुष्कर्म, मौलवी समेत चार गिरफ्तार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 मई।**




फरीदाबाद की युवती से दिल्ली के जामिया नगर निवासी साहिल नामक युवक ने इंस्टाग्राम पर हिंदू बनकर दोस्ती की। इसके बाद मेरठ में धर्मांतरण कराकर निकाह किया। मेरठ में युवती से छह से ज्यादा लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। इस मामले में जामिया नगर थाना पुलिस ने आरोपी ससुर खुर्शीद, सास तस्लीम, देवर जैद और मौलवी मोहम्मद खालिद को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मुख्य आरोपी साहिल और एक अन्य आरोपी गाजियाबाद स्थित डासना जेल में बंद हैं। पुलिस दोनों को प्रोडक्शन वारंट पर दिल्ली लाने की तैयारी कर रही है। दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस उपायुक्त डॉ. हेमंत तिवारी ने बताया कि साहिल के खिलाफ पहले से 10 से 12 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, वह हथियारों के अवैध कारोबार से जुड़ा रहा है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, वर्ष 2021 में युवती की इंस्टाग्राम पर साहिल से दोस्ती हुई थी। आरोप है कि साहिल ने पहचान छिपाकर खुद को हिंदू बताया। बाद में वह युवती को जामिया नगर लेकर आया, जहां उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाया। इसके बाद साहिल अपने साथियों की मदद से पीड़िता को बंदूक की नोक पर मेरठ ले गया। दिल्ली पुलिस को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग से शिकायत मिली। इसके बाद 14 मई को पुलिस ने युवती से संपर्क कर मामला दर्ज किया। युवती ने पुलिस को बताया कि 2021 से 2025 के बीच उसका लगातार यौन उत्पीड़न किया गया। युवती ने पुलिस को बताया कि मेरठ में उसका जबरन धर्म परिवर्तन कराकर साहिल से निकाह कराया गया। इस दौरान उसके साथ लगातार यौन उत्पीड़न होता रहा। उसके ससुर खुर्शीद, देवर जैद, मौलवी मोहम्मद खालिद व हाजी समेत कई और लोगों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। उसने आरोप लगाया कि मौलवी के साथ आने वाले लोग भी उसका शोषण करते थे। युवती की एक बेटी भी है। पुलिस के अनुसार, युवती 2025 में मेरठ से भागकर दिल्ली पहुंची थी। उसके लापता होने के बाद भी पिता ने कोई गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई थी। युवती के पिता सरकारी कर्मचारी हैं।

## पीसीआर के सामने गुहार लगाते रहे परिजन, आखिर कैमरा देख मौके पर गई पुलिस, लहूलुहान पड़ा था मां-बेटे का शव

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 मई।** राजधानी दिल्ली के वसंत विहार में बुधवार बाजार में दुकान लगाकर रात 12 बजे के बाद जब विष्णु साहू घर पहुंचे तो उन्होंने पहले पत्नी को आवाज लगाई। कोई जवाब न मिलने पर बेटे खुशहाल को आवाज दी। इसके बाद देखा कि कुंडी बाहर से लगी है। कुंडी खोलकर वह अंदर गए तो उनके होश उड़ गए।

दोनों मां-बेटे का शव रसोई के पास लहुलूहान पड़ा था। बेटे का शव मां के पैरों में पड़ा हुआ था। संयुक्त पुलिस आयुक्त विजय कुमार ने बताया कि क्राइम सीन को देखने से लगता है कि पहले शारदा की हत्या की गई है। ये नजारा देखकर विष्णु ने गली नंबर 10 में रहने वाली बहन गुड़िया को फोन कर सब बताया। वह तुरंत विष्णु के पास आई और 100 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना देने की कोशिश की। मौके पर मिले व तुगलकबाद में रहने वाले विष्णु के भाई दिनेश ने बताया कि जब 100 पर फोन नहीं लगा तो उसकी बहन भागती हुई गोविंदपुरी के मेन रोड पर गईं। यहां पर गुड़िया को एक पीसीआर वैन मिली। गुड़िया ने सारी बात पीसीआर कर्मियों को बताई, मगर पीसीआर कर्मी मौके पर नहीं गए। इसके बाद पीड़ित परिवार के परिजन गोविंदपुरी थाने में गए।

# तारों का जाल नहीं बनेगा जंजाल, अब जमीन के नीचे बिछेंगी लाइनें, सरकार खर्च करेगी 17 हजार करोड़ रुपये



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 मई।**

राजधानी की सड़कों पर लटकते बिजली के तारों को खत्म करने और 24७7 निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए सरकार ने मिशन 2030 लॉन्च किया है। ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने बताया कि इस महायोजना पर सरकार कुल 17,000 करोड़ रुपये खर्च करेगी। बिजली की लाइनें पूरी दिल्ली में जमीन के नीचे बिछाई जाएंगी। बिजली आपूर्ति को हाई-टेक बनाने के लिए डिजिटल ट्विन तकनीक अपनाई जाएगी। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि डिजिटल ट्विन तकनीक की खासियत ये है कि कहीं भी बिजली फाल्ट होने पर ये सिस्टम तुरंत सटीक जगह बताएगा। इससे लाइन मैन की घंटों की मशक्कत जहां बचेगी वहीं बिजली तुरंत बहाल होने से स्थानीय निवासियों को घंटों की कटौती से नहीं जूझना होगा। इसका ट्रायल जनकपुरी विधानसभा में शुरू हो चुका है।

चांदनी चौक जैसी घनी आबादी वाली हेरिटेज मार्केट में तारों के जंजाल को वाराणसी की तर्ज पर अंडरग्राउंड करने के लिए एक अनुभवी एजेंसी तैनात की गई है, जो दो-तीन साल में इस काम को पूरा करेगी। मिशन 2030 का लक्ष्य दिल्ली को बिजली के मामले में सिंगापुर और मुंबई जैसे शहरों के बराबर खड़ा करना है। वर्तमान में दिल्ली में फाल्ट ठीक करने में औसतन 45 मिनट लगते हैं, जिसे घटाकर 30 मिनट से कम करने का लक्ष्य है। सिंगापुर में सालाना बिजली कटौती का औसत महज 1-2 मिनट है, जबकि दिल्ली अब इस मानक की ओर कदम बढ़ा रही है।

छतरपुर में सबसे ज्यादा 160 करोड़ का खर्च : सरकार के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले एक साल (2025-26) में बिजली वितरण को सुधारने पर 1426.27 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं।

### 2031 तक 13 हजार मेगावाट बिजली की होगी जरूरत

बिजली मंत्री ने कहा कि पिछली सरकार से उन्हें जर्जर व्यवस्था विरासत में मिली थी, जहां कई ट्रांसफार्मर 25 साल की उम्र पूरी कर चुके थे। अब भविष्य की जरूरतों को देखते हुए बुनियादी ढांचे को अपग्रेड किया जा रहा है। अनुमान है कि दिल्ली में 2026-27 में बिजली की मांग 9,000 मेगावाट और 2030-31 तक बढ़कर 13,114 मेगावाट तक पहुंच जाएगी। इस बढ़ती मांग को झेलने के लिए सरकार ग्रिड सब-स्टेशनों और ट्रांसफार्मरों की संख्या में भारी बढ़ोतरी कर रही है। सिंगापुर की तर्ज पर सालाना बिजली कटौती को न्यूनतम स्तर पर लाने की तैयारी

### बेहतरीन शहरों में शुमार होगी दिल्ली : सूद

ऊर्जा मंत्री ने कहा है कि इस पूरी योजना का मुख्य उद्देश्य न केवल बिजली कटौती को खत्म करना है, बल्कि वोल्टेज की समस्या को दूर करना और डिजिटल मीटरों के जरिए पारदर्शी बिलिंग सुविधा देनी है। इस निवेश के बाद दिल्ली का बिजली मॉडल दुनिया के बेहतरीन शहरों में शुमार होगा।

### हरिनगर और अन्य इलाकों के लिए खास तैयारी

मिशन 2030 के तहत हर विधानसभा के लिए माइक्रो-प्लान तैयार है। हरिनगर में अगले तीन वर्षों में करीब 222.3 करोड़ रुपये के अतिरिक्त काम होने हैं, जिसमें 102 नए ट्रांसफार्मर और 62.5 किलोमीटर लंबी नई एलटी लाइनें बिछाई जाएंगी। इलेक्ट्रिक वाहनों की चार्जिंग और घरों की छतों पर सोलर पैनल (पीएम सूर्या घर योजना) लगाने के लिए भी ग्रिड की क्षमता बढ़ाई जा रही है, ताकि भविष्य में लोड बढ़ने पर बिजली ट्रिप न हो।

## कार की टक्कर से ऑटो चालक घायल

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 22 मई।** तेज रफ्तार कार सवार महिला ने नीति खंड-दो स्थित स्वर्ण जयंती पार्क के पास ऑटो में टक्कर मार दी। घटना में ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। मकनपुर न्याय खंड-तीन निवासी इमरान ने बताया कि उनका छोटा भाई कुरबान ऑटो चलाता है। 13 मई की शाम करीब पांच बजे वह स्वर्ण जयंती पार्क की ओर गया तो कार सवार महिला ने ऑटो को टक्कर मार दी। इस घटना में कुरबान के सिर, हाथ और पैर में चोट आई है। राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी तो घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज करके कार को नंबर के आधार पर ट्रेस किया जा रहा है।

## बैंक ने खाते से अवैध रूप से काटे थे रुपये, अब मुआवजे के साथ देने होंगे

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 22 मई।** आईसीआईसीआई बैंक की तरफ से खाताधारक के खाते से बिना किसी कारण के 53,614 रुपये काटने पर बैंक को ब्याज समेत रुपये वापस देने होंगे। यह आदेश जिला उपभोक्ता आयोग की सदस्य खुशविंदर कौर ने दिया है। सेक्टर-23 निवासी प्रशांत मिश्रा ने उपभोक्ता आयोग में दायर की याचिका में बताया कि जुलाई और सितंबर 2020 में उनके बैंक खाते से बिना किसी पूर्व सूचना, मांग या नोटिस के दो बार में 26,807 और 26,807 रुपये कट गए।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वास्थ्य मंत्रालय का बड़ा फैसलाः प्रेगाबालिन दवा अब शेड्यूल एच1 में शामिल, दुरुपयोग पर सख्ती

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 मई।** स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि उसने ड्रग्स नियम, 1945 की अनुसूची एच1 के तहत 'प्रेगाबालिन' दवा को शामिल करने संबंधी अधिसूचना जारी कर दी है। यह फैसला कुछ राज्यों से मिली उन रिपोर्टों को देखते हुए लिया गया है, जिनमें प्रेगाबालिन के गलत इस्तेमाल और दुरुपयोग की बात सामने आई थी। नियमों का उल्लंघन करने और उनका पालन नहीं करने पर 'ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940' और उसके तहत बनाए गए नियमों के अनुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। मंत्रालय ने बताया कि यह दवा पुराने दर्द, न्यूरोपैथी, फाइब्रोमायल्जिया और कुछ विशेष न्यूरोलॉजिकल स्थितियों के इलाज के लिए दी जाती है, लेकिन कथित तौर पर इसके नींद लाने वाले, उत्साह पैदा करने वाले और मानसिक प्रभावों के कारण इसका गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। मंत्रालय ने कहा कि सभी संबंधित पक्षों, जिनमें निर्माता, वितरक, थोक विक्रेता, खुदरा विक्रेता और फार्मासिस्ट शामिल हैं, को सलाह दी जाती है कि वे इस अधिसूचना के प्रावधानों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें।

### रुपया लुढ़क रहा, आरबीआई का सख्त वार तय!

#### केंद्रीय बैंक ने बुलाई उच्च-स्तरीय बैठकें, रेपो रेट वृद्धि पर गंभीर मंथन जारी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 मई।** डॉलर के मुकाबले रुपये की रिकॉर्ड गिरावट ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को गंभीर चिंता में डाल दिया है। इस सप्ताह रुपया ऐतिहासिक रूप से लगभग 97 प्रति डॉलर के निचले स्तर पर पहुंच गया, जिसके बाद केंद्रीय बैंक ने अर्थव्यवस्था को स्थिरता प्रदान करने और राष्ट्रीय मुद्रा को संभालने के लिए तत्काल और कड़े कदम उठाने की तैयारी में है। सूत्रों के मुताबिक ब्याज दरों में बढ़ोतरी सहित कई विकल्पों पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार भारतीय रिजर्व बैंक के शीर्ष अधिकारियों ने हाल के दिनों में कई उच्च-स्तरीय बैठकें की हैं। इन बैठकों में रुपये को पाताल में जाने से रोकने और स्थिरता लाने के लिए ब्याज दरें बढ़ाने से लेकर विदेशी निवेशकों से डॉलर जुटाने जैसे विकल्पों पर मंथन जारी है। नीतिगत ब्याज दरों (रेपो रेट) में बढ़ोतरी को रुपये की कमजोरी थामने का प्रभावी हथियार माना जा रहा है, जिस पर केंद्रीय बैंक गंभीरता से विचार कर रहा है। आरबीआई की अगली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक 5 जून से निर्धारित है, लेकिन मौजूदा संकट की गंभीरता को देखते हुए रिजर्व बैंक तय कार्यक्रम से पहले भी आपातकालीन बैठक बुलाकर दरों में बदलाव कर सकता है।

# आरबीआई इस साल सरकार को देगी रिकॉर्ड डिविडेंड

## भुगतान 2.8-3.3 लाख करोड़ रुपए के बीच होने की उम्मीद

» **मुंबई, यूटर्न/ 22 मई।**




भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का सेंट्रल बोर्ड शुक्रवार को संशोधित आर्थिक पूंजी ढांचे के तहत सरकार को सरप्लस फंड्स के ट्रांसफर को अंतिम रूप देने के लिए बैठक कर रहा है। अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि इस साल डिविडेंड पिछले वर्ष के 2.69 लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड भुगतान को पार कर जाएगा।

बैंक ऑफ बड़ौदा और ब्रोकरेज फर्म एमके ग्लोबल के विश्लेषकों का अनुमान है कि डिविडेंड 2.8 लाख करोड़ रुपए से 3.3 लाख करोड़ रुपए के बीच रहेगा।

गैर-कर राजस्व में होने वाली यह अप्रत्याशित वृद्धि सरकार के वित्त को मजबूत करेगी और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच बाजार से अधिक ऋण लिए बिना राजकोषीय घाटे को नियंत्रण में रखने में सहायक होगी।

वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में सरकार ने सार्वजनिक कंपनियों और केंद्रीय बैंक से 3.16 लाख करोड़ रुपए डिविडेंड की उम्मीद जताई थी। पिछले साल, आरबीआई ने 2.68 लाख करोड़ रुपए डिविडेंड के रूप में सरकार को दिए थे। इसमें पिछले साल की अपेक्षा 27 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई थी।

एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज की मुख्य अर्थशास्त्री माधवी अरोरा ने कहा, 'हमें उम्मीद है कि आरबीआई का डिविडेंड इस वर्ष 2.8 लाख करोड़ रुपए से 3.3 लाख करोड़ रुपए के बीच रहेगा, जो पूंजी के उपयोग के स्तर पर निर्भर करेगा। उच्च ब्याज आय और संभावित रूप से कम बफर आवश्यकता के चलते पिछले वर्ष के 2.7 लाख करोड़ रुपए के डिविडेंड की तुलना में अधिक डिविडेंड देने में सहायक हो सकती है।'

बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनाविस का अनुमान है कि इस वर्ष डिविडेंड 3-3.2 लाख करोड़ रुपए के बीच रहेगा, जिसका मुख्य कारण कंटीजेंसी बफर आवश्यकता में कमी है। उन्होंने कहा कि 2025-26 के सरप्लस के कारक 2024-25 से भिन्न होंगे, जब विदेशी मुद्रा भंडार के उपयोग से अधिक आय के कारण आरबीआई के डिविडेंड में भारी वृद्धि हुई थी। सबनाविस ने बताया, 'पिछले वर्ष डिविडेंड 2.7 लाख करोड़ रुपए था, इसलिए इस वर्ष यह लगभग 50,000 करोड़ रुपए अधिक होगा।




### एयर इंडिया के लिए अगले चार साल पिछले वर्षों की तरह ही चुनौतीपूर्ण होंगेः सीईओ

**मुंबई।** एयर इंडिया के मौजूदा सीईओ कैम्पबेल विल्सन ने कहा कि पाकिस्तानी एयरस्पेस बंद होने, मध्य पूर्व में संकट और डॉलर की मजबूती के चलते कंपनी के अगले सीईओ के सामने कई चुनौतियां होंगी। न्यूयॉर्क में एक इवेंट के दौरान विल्सन ने कहा कि वह अगले दो महीनों में कंपनी से अलग हो जाएंगे और अगले चार साल 'पिछले वर्षों की तरह ही चुनौतीपूर्ण होंगे, हालांकि उनका तरीका अलग होगा।' उन्होंने सुचारू हस्तांतरण सुनिश्चित करने में मदद करने का वादा किया और कहा कि वे कुछ चुनौतियों का सामना करने के लिए 'सही व्यक्ति को नियुक्त करना' चाहते हैं। एयर इंडिया भारी नुकसान के दौर से गुजर रही है। इस दौरान उसे सुरक्षा संबंधी कई चूकें झेलनी पड़ी हैं, और जून 2025 में उसका 787 ड्रीमलाइनर विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें सैकड़ों लोग मारे गए थे। ईरान युद्ध और पाकिस्तान द्वारा लगाए गए हवाई क्षेत्र प्रतिबंध के कारण एयरलाइन को हजारों उड़ानें रद्द करनी पड़ी हैं।

कंपनी को उत्तरी अमेरिका के मुनाफे वाले अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर उड़ानों में कटौती करनी पड़ी है, और मौजूदा उड़ानों की यात्रा लंबी हो गई है, जिससे ईंधन की ऊंची कीमतों के बीच लागत बढ़ गई है।

## रियलमी ने पेश किया स्मार्टफोन रियलमी 16टी 5जी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 मई।**



सोशल मीडिया और डिजिटल कंटेंट क्रिएशन के बढ़ते दौर में लोग ऐसे फोन की तलाश कर रहे हैं, जो शानदार तस्वीरें और वीडियो रिकॉर्डिंग का अनुभव दे सके। डिजिटल कंटेंट क्रिएशन के लिए ही रियलमी ने अपने नए स्मार्टफोन रियलमी 16टी 5जी को पेश किया है। इस फोन में कंपनी ने 50 मेगापिक्सल का सोनी आईएमएक्स852 एआई कैमरा सेंसर दिया है। कंपनी का दावा है कि यह अपने सेगमेंट का सबसे दमदार कैमरा सिस्टम है। रियलमी 16टी 5जी में एफ1.8 अपर्चर, ऑटोफोकस और एडवांस्ड इमेज प्रोसेसिंग तकनीक दी गई है, जिससे कम रोशनी में भी स्पष्ट और डिटेल तस्वीरें ली जा सकेंगी। स्मार्टफोन में पहली बार एआई पॉपआउट फीचर भी दिया गया है, जो फोटो में विषय को अलग तरीके से उभारकर अधिक आकर्षक इमेज तैयार करता है। यह फीचर खासतौर पर सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएटर्स और इंस्टाग्राम रील्स बनाने वाले यूजर्स को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। कंपनी के अनुसार, फोन में लूमाकलर इमेज इंजन का उपयोग किया गया है, जो त्वचा के रंग, पोर्ट्रेट और लाइटिंग को प्राकृतिक बनाए रखने में मदद करता है।

इसके साथ एआई पोर्ट्रेट ग्लो फीचर भी दिया गया है, जो चेहरे की रोशनी और बैकग्राउंड को बेहतर तरीके से संतुलित करता है। इसमें फ्लैश, रिम लाइट, स्टूडियो लाइट और नैचुरल लाइट जैसे कई मोड दिए गए हैं। रियलमी 16टी 5जी में एआई स्टाइलमी, एआई इंस्टेंट क्लिप और एआई फुटबॉल स्टार जैसे फीचर्स भी शामिल किए गए हैं।

## टाटा मोटर्स का साल के अंत तक आएगा फ्लेक्स फ्यूल वाहन

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 मई।**

टाटा मोटर्स कंपनी ने घोषणा की है कि उसका पहला फ्लेक्स फ्यूल वाहन इस साल के अंत या 2027 की शुरूआत तक बाजार में लॉन्च किया जा सकता है। कंपनी का अपकमिंग वाहन 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण से लेकर 100 प्रतिशत इथेनॉल तक पर चलने में सक्षम होगा। कंपनी के पैसेंजर व्हीकल्स प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेश चंद्रा ने इसकी पुष्टि की है। यह पहल भारत सरकार की इथेनॉल ब्लेंडिंग नीति के अनुरूप मानी जा रही है, जिसका उद्देश्य पेट्रोलियम आयात कम करना, किसानों की आय बढ़ाना और प्रदूषण में कमी लाना है।

टाटा मोटर्स पहले ही भारत मोबिलिटी एक्सपो 2025 में पंच फ्लेक्स फ्यूल प्रोटोटाइप पेश कर चुकी है। इस मॉडल ने अलग-अलग इथेनॉल मिश्रण पर सफल प्रदर्शन किया था। फ्लेक्स फ्यूल वाहन ऐसे इंजन से लैस होते हैं जो पेट्रोल और इथेनॉल के विभिन्न अनुपातों पर चल सकते हैं। टाटा की आगामी कार ई20, ई85 और ई100 जैसे सभी इथेनॉल मिश्रणों को सपोर्ट करेगी। इसके लिए विशेष फ्यूल सिस्टम, इंजेक्टर और सेंसर का उपयोग किया जाएगा, ताकि इथेनॉल की संक्षारक प्रकृति से इंजन सुरक्षित रह सके। रिपोर्ट्स के मुताबिक कंपनी सबसे पहले टाटा पंच फ्लेक्स फ्यूल मॉडल लॉन्च कर सकती है। इसमें 1.2 लीटर इंजन दिया जा सकता है, जिसे हाई इथेनॉल ब्लेंडिंग के अनुरूप तैयार किया गया है।

माना जा रहा है कि पंच की लोकप्रियता को देखते हुए कंपनी इसे शुरुआती मॉडल के रूप में पेश करेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि इथेनॉल आधारित ईंधन के इस्तेमाल से कार्बन उत्सर्जन में बड़ी कमी लाई जा सकती है।

## एसयूवी टाटा सिएरा ईवी को लॉन्च करने की तैयारी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 मई।**



वाहन निर्माता स्वदेशी कंपनी टाटा मोटर्स अपनी बहुप्रतीक्षित एसयूवी टाटा सिएरा ईवी को लॉन्च करने की तैयारी में है। टाटा की नई इलेक्ट्रिक एसयूवी कंपनी के एक्टिव. ईवी प्लेटफॉर्म पर आधारित होगी और इसे नेक्सॉन ईवी तथा कर्व ईवी से ऊपर जबकि हैरियर ईवी से नीचे रखा जाएगा। कंपनी ने पुष्टि की है कि यह इलेक्ट्रिक एसयूवी वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी छमाही, यानी त्योहारी सीजन के दौरान भारतीय बाजार में दस्तक देगी। इसकी संभावित एक्स-शोरूम कीमत 20 से 25 लाख रुपये के बीच हो सकती है। टाटा सिएरा ईवी को क्लासिक सिएरा डिजाइन के आधुनिक रूप में पेश किया जाएगा। इसमें क्लोज्ड फ्रंट ग्रिल, कनेक्टेड एलईडी हेडलाइट्स और टेललाइट्स, ब्लैक-आउट पिलर्स तथा आइकॉनिक रैपअराउंड रियर ग्लास जैसे डिजाइन एलिमेंट देखने को मिलेंगे। कंपनी इसे रेट्रो और मॉडर्न डिजाइन के मिश्रण के रूप में पेश करने जा रही है। बड़े 19 इंच अलॉय व्हील्स और मजबूत रोड प्रजेंस इसे आकर्षक बनाएंगे।

कार के इंटीरियर में प्रीमियम फीचर्स दिए जा सकते हैं। इसमें ट्रिपल स्क्रीन सेटअप, पैनोरमिक सनरूफ, डुअल-जोन क्लाइमेट कंट्रोल, वेंटिलेटेड सीट्स, वायरलेस चार्जर, 360 डिग्री कैमरा और डॉल्बी एटमॉस सपोर्ट वाला 12 स्पीकर साउंड सिस्टम मिलने की संभावना है। इसके अलावा वायरलेस एपल कारप्ले और एंड्रॉयड ऑटो जैसी कनेक्टेड कार टेक्नोलॉजी भी उपलब्ध रहेगी।

सुरक्षा के लिहाज से इसमें लेवल-2 एडीएएस, छह एयरबैग, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी प्रोग्राम और मजबूत बॉडी स्ट्रक्चर जैसे फीचर्स मिलने की उम्मीद है। बैटरी विकल्पों की बात करें तो इसमें 55 किलोवाट और 65 किलोवाट बैटरी पैक दिए जा सकते हैं। कुछ रिपोर्ट्स में 75 किलोवाट बैटरी की भी चर्चा है। यह एसयूवी रियर-व्हील ड्राइव और ऑल-व्हील ड्राइव दोनों विकल्पों में उपलब्ध हो सकती है। कंपनी का दावा है कि यह एक बार चार्ज करने पर करीब 500 किलोमीटर तक की रेंज दे सकती है।

## निसान इंडिया की सबसे ज्यादा बिकने वाली कार बनी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 मई।** कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट में निसान मैग्नाइट लगातार अपनी मजबूत मौजूदगी बनाए हुए है। अप्रैल माह में भी यह निसान इंडिया की सबसे ज्यादा बिकने वाली कार रही। हालिया बिक्री आंकड़ों के अनुसार, कंपनी ने बीते महीने मैग्नाइट की कुल 1,775 यूनिट्स बेचीं। हालांकि, मैग्नाइट की बिक्री में केवल 1 प्रतिशत की मामूली बढ़ोतरी हुई, लेकिन कंपनी की कुल बिक्री में 76 प्रतिशत का बड़ा उछाल दर्ज किया गया, जो निसान के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। अप्रैल माह में निसान इंडिया ने कुल 3,203 कारों की बिक्री की, जबकि पिछले साल इसी महीने यह आंकड़ा 1,825 यूनिट्स का था, जो कंपनी के प्रभावशाली विकास को दर्शाता है। बिक्री सूची में दूसरे स्थान पर कंपनी की नई एसयूवी निसान ग्रेविटी रही, जिसकी 1,428 यूनिट्स बिकीं। हालांकि, मार्च माह की तुलना में इसकी बिक्री में गिरावट दर्ज की गई। दूसरी ओर, निसान एक्स ट्रेल का प्रदर्शन बेहद कमजोर रहा और अप्रैल महीने में इसकी एक भी यूनिट नहीं बिक सकी, जो कंपनी के लिए चिंता का विषय हो सकता है।

निसान मैग्नाइट की लोकप्रियता की सबसे बड़ी वजह इसकी किफायती कीमत, दमदार डिजाइन और शानदार फीचर्स माने जा रहे हैं। इसमें 1.0-लीटर नेचुरली एस्पिरेटेड और टर्बो पेट्रोल इंजन का विकल्प मिलता है, जो ग्राहकों को उनकी जरूरत के अनुसार चुनने की आजादी देता है। साथ ही, ग्राहकों को मैनुअल और ऑटोमैटिक दोनों ट्रांसमिशन की सुविधा दी जाती है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# कफ सिरप तस्करी मामले में दो भाइयों पर पिट एनडीपीएस लगाने की तैयारी

» गाजियाबाद, यूटर्न/ 22 मई।

कोडीनयुक्त कफ सिरप मामले में कमिश्नरेट पुलिस ने दो बदमाशों के खिलाफ स्वापक औषधि मनःप्रभावी पदार्थ यानी अवैध व्यापार निवारण (पीआईटी एनडीपीएस एक्ट) लगाने की तैयारी कर ली है। 25 मई 2026 को पुलिस आयुक्त, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर अपराध मेरठ में मंडलायुक्त से सहमति लेकर कार्रवाई करेंगे। पिट एनडीपीएस एक्ट लगाने पर इस धंधे में



लिप्त आदतन अपराधी दोनों भाई विभोर राणा और विशाल राणा को एक से दो वर्षों तक जमानत नहीं मिल पाएगी। डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने बताया कि पिट एनडीपीएस एक्ट एक कठोर कानून है। इसका उद्देश्य मादक पदार्थों की तस्करी में बार-बार शामिल रहने वाले आदतन अपराधियों को रोकना और जमानत के लिए अधिकतम दो वर्षों तक हिरासत में रखने का प्रावधान है। ऐसे में ड्रग्स माफिया, नशा तस्करों और अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट्स की रोकथाम होती है। बताया कि कोडीनयुक्त कफ सिरप तस्करी मामले में विभोर राणा और विशाल सिंह मुख्य आरोपी हैं।

इन पर करीब 150 करोड़ के अवैध सिंडिकेट चलाने का आरोप है। फर्जी कंपनियों के जरिये कफ सिरप की खरीद-फरोख्त कर इसे बिहार, पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश तक नशे के रूप में अवैध रूप से तस्करी करते थे। सहारनपुर के रहने वाले विभोर राणा और विशाल सिंह इस तस्करी का मास्टर माइंड बताया जा रहा हैं। दोनों आरोपियों ने विभिन्न व्यक्तियों के नाम पर फर्जी दवा फर्में जैसे जीआर ट्रेडिंग, मारुति मेडिकोज और एबी फार्मास्युटिकल के जरिये फर्जी बिल से प्रतिबंधित कफ सिरप की तस्करी करने का आरोप है। बताया कि दोनों की करीब 12.55 करोड़ रुपये की संपत्ति भी पुलिस ने कुर्क कर ली है।

बताया कि एनडीपीएस के अंतर्गत दोनों भाइयों ने कोर्ट में जमानत अर्जी डाली थी। इनमें से एक को जमानत मिल गई है। डीसीपी सिटी ने बताया कि मंडलायुक्त से अनुमति लेकर पिट एनडीपीएस लगाने के बाद आरोपियों को जेल भेजा जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की गई जान

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 22 मई।** बिलासपुर थाना क्षेत्र के पचगांव चौक के पास केएमपी एक्सप्रेसवे पर 20 मार्च को ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसने दम तोड़ दिया। मृतक के भाई विरेंद्र की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। मृतक की पहचान दिल्ली के नजफगढ़ गांव निवासी विनोद (35) के रूप में हुई है। मृतक के भाई विरेंद्र ने पुलिस को बताया कि 20 मई सुबह करीब 6 बजे उसका भाई बाइक लेकर गुरुग्राम के सोहना गया था। सुबह करीब 10 बजे उनको कॉल पर विनोद की बाइक की केएमपी एक्सप्रेसवे पर दुर्घटना होने की सूचना मिली। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया था। हादसे के चालक ट्रक को मौके पर छोड़कर भाग गया। सूचना मिलने पर बिलासपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए सेक्टर-10 स्थित नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ट्रक को कब्जे में लेकर मामले की जांच कर रही है।

### निवेशकों से ठगी मामले में यूनिवर्सल बिल्डर निदेशक को सशर्त जमानत

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 22 मई।** अदालत ने 2016 में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में यूनिवर्सल बिल्डवेल प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक रमन पुरी को सशर्त जमानत दे दी। साथ ही एसीजेएम मनीष कुमार की अदालत ने बिना इजाजत के निदेशक के देश छोड़ने पर रोक लगाने का फैसला भी सुनाया। इसके अलावा निदेशक को 7 दिन के अंदर पासपोर्ट कोर्ट में जमा कराने को कहा है। वहीं स्थायी पता और मोबाइल नंबर संबंधित थाना एसएचओ या जांच अधिकारी को उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए हैं।

# भीषण गर्मी से बिगड़ रही लोगों की सेहत

» गाजियाबाद, यूटर्न/ 22 मई।

लगातार बढ़ रही गर्मी और लू के प्रकोप ने लोगों की सेहत पर असर डालना शुरू कर दिया है। सरकारी अस्पतालों में डिहाइड्रेशन, उल्टी, दस्त, वायरल बुखार, सिर दर्द और कमजोरी की शिकायत लेकर बड़ी संख्या में मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं। जिला अस्पतालों में सामान्य दिनों की तुलना में मरीजों की संख्या में कमी आई है, लेकिन गर्मी से संबंधित बीमारियों के मामलों में तेजी दर्ज की गई है।

एमएमजी जिला अस्पताल और संयुक्त अस्पताल में रोजाना तीन हजार से अधिक मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। इनमें करीब 600 से ज्यादा मरीज तेज बुखार, पेट दर्द, उल्टी और दस्त की शिकायत से पीड़ित पाए गए। चिकित्सकों के अनुसार पिछले कुछ दिनों में ऐसे मरीजों की संख्या लगभग दोगुनी हो गई है। गंभीर हालत में पहुंचे 50 से अधिक मरीजों को भर्ती करना पड़ा, जबकि कई मरीजों को इमरजेंसी वार्ड में उपचार देने के बाद छुट्टी दे दी गई।



## वितरित हो रहे एक हजार पैकेट ओआरएस

अस्पतालों में ओआरएस की मांग भी तेजी से बढ़ी है। रोजाना एक हजार से अधिक ओआरएस के पैकेट मरीजों को वितरित किए जा रहे हैं। संयुक्त अस्पताल के कार्यवाहक सीएमएस डॉ. योगेंद्र कुमार ने बताया कि इमरजेंसी और वार्ड के बाहर ओआरएस के पैकेट खुले में रखवाए गए हैं, ताकि मरीज और तीमारदार जरूरत के अनुसार उन्हें आसानी से ले सकें। डॉक्टरों का कहना है कि तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण शरीर में पानी और जरूरी लवणों की कमी तेजी से हो रही है, जिससे मरीजों की हालत बिगड़ रही है।

## एमएमजी पहुंचे 1952 मरीज

जिला एमएमजी अस्पताल में बृहस्पतिवार को कुल 1952 मरीजों ने उपचार कराया। इनमें 992 महिलाएं, 672 पुरुष और 288 बच्चे शामिल रहे। चिकित्सकों के अनुसार छोटे बच्चे, बुजुर्ग और बाहर काम करने वाले लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। मरीजों में चक्कर आना, सिर दर्द, बेचैनी, कमजोरी और बेहोशी जैसी शिकायतें अधिक सामने आ रही हैं। कई मरीजों को ग्लूकोज चढ़ाने की जरूरत भी पड़ रही है।

## 12 बजे से शाम चार बजे तक बाहर निकलने से बचें

एमएमजी अस्पताल के फिजिशियन डॉ. आलोक रंजन ने बताया कि दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे तक धूप में निकलने से बचना चाहिए। उन्होंने लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, हल्का भोजन करने और खुले या बासी खाने से परहेज करने की सलाह दी। वहीं सीएमएस डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि अस्पतालों में डिहाइड्रेशन के मरीजों के लिए अतिरिक्त बेड और आवश्यक दवाइयों की व्यवस्था की गई है ताकि मरीजों को समय पर उपचार मिल सके।

# पांच माह की बच्ची की मौत के मामले में मानव अधिकार आयोग से जांच की मांग

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 22 मई।** बीके नागरिक अस्पताल और ईएसआईसी अस्पताल में कथित लापरवाही के चलते पांच माह की बच्ची की मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया है। सामाजिक कार्यकर्ता अनीश पाल ने हरियाणा मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष को शिकायत भेजकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में कहा गया है कि गंभीर हालत में बच्ची को अस्पताल लाया गया था लेकिन समय पर उचित उपचार और वेंटिलेटर सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई। आरोप है कि आईसीयू में बेड खाली होने के बावजूद बच्ची को दूसरे अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया, जिससे रास्ते में उसकी मौत हो गई। शिकायतकर्ता ने इसे सरकारी स्वास्थ्य तंत्र की गंभीर लापरवाही और संवेदनहीनता बताया है। अनीश पाल ने अपने पत्र में कहा कि यदि समय पर इलाज और जरूरी चिकित्सकीय सुविधा मिल जाती तो शायद बच्ची की जान बचाई जा सकती थी। उन्होंने इसे मानव अधिकारों का उल्लंघन बताते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक, विशेषकर बच्चों को जीवन और स्वास्थ्य सुरक्षा का संवैधानिक अधिकार प्राप्त है। शिकायत में मांग की गई है कि मामले की उच्चस्तरीय जांच कर ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों, अधिकारियों और कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय की जाए। साथ ही यदि आईसीयू बेड उपलब्ध थे तो बच्ची को रेफर करने के कारणों की विस्तृत जांच हो।

# क्रेडिट कार्ड की वेरिफिकेशन के नाम पर 1.71 लाख रुपये की ठगी

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 22 मई।** जालसाज ने क्रेडिट कार्ड की वेरिफिकेशन की बात कहकर एक व्यक्ति से 1,71,932 रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित ने साइबर थाना मानेसर में ठगी की शिकायत शिकायत दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। मानेसर के ढाणा गांव में रहने वाले लक्ष्मण प्रसाद ने पुलिस को बताया कि वे वीवीडीएन कंपनी में काम करते हैं। 14 अप्रैल को उनके मोबाइल पर अंजान नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने बताया कि उनकी क्रेडिट कार्ड की वेरिफिकेशन पेंडिंग है। जब पीड़ित ने मना किया तो जालसाज ने फिर से 15 अप्रैल को क्रेडिट कार्ड की वेरिफिकेशन के लिए कॉल की। इसके बाद पीड़ित के मोबाइल पर एक ओटीपी आया और जालसाज ने बातों में लगाकर ओटीपी पूछ लिया। 20 अप्रैल को क्रेडिट कार्ड का बिल बना तो पीड़ित को पता चला कि उसके क्रेडिट कार्ड से 45 हजार, 49,999, 25,896 रुपये कट गए।

# फॉर्च्यूनर की टक्कर से बाइक सवार घायल

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 22 मई।** सुशांतलोक थाना क्षेत्र में सेक्टर-43 के सी-ब्लॉक के पास 18 मई की रात फॉर्च्यूनर की टक्कर से बाइक सवाल घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। घायल युवक की शिकायत पर अज्ञात चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। फरीदाबाद के शिव दुर्गा विहार निवासी प्रभाकर सिंह ने शिकायत में बताया कि वे गुरुग्राम के सेक्टर-89 में निजी कंपनी में नौकरी करते हैं। 18 मई को सी-ब्लॉक के पास एक फॉर्च्यूनर ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिसमें वह घायल हो गए। राहगीरों ने उसको सेक्टर-9ए स्थित ईएसआईसी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस प्रवक्ता संदीप का कहना है कि फॉर्च्यूनर के नंबर के आधार पर मालिक को नोटिस भेजा जाएगा।

# स्टार रियलकॉन एमडी के दो साझीदारों पर 42.50 लाख की धोखाधड़ी का आरोप

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 22 मई।** एनसीआर क्षेत्र में रियल एस्टेट और कंस्ट्रक्शन कंपनी स्टार रियलकॉन के एमडी के दो साझीदारों के खिलाफ पीड़ित ने धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया है। पीड़ित का आरोप है कि पूर्व में बिक चुका फ्लैट उन्हें फर्जी तरीके से बेच दिया गया। नंदग्राम पुलिस ने आरोपी गोल्डी गुप्ता और नितिन गुप्ता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। एसीपी नंदग्राम जियाउद्दीन अहमद ने बताया कि राजनगर एक्सटेंशन स्थित स्टार रामेश्वरम में रहने वाले सुरेंद्र कुमार त्यागी के मुताबिक वर्ष 2018 में उन्होंने स्टार रियलकॉन के एमडी के साझीदारों गोल्डी गुप्ता और नितिन गुप्ता से 42.50 लाख रुपये में फ्लैट खरीदा। एसबीआई से ऋण लेकर उन्होंने यह फ्लैट खरीदा और तब से वह उस पर काबिज भी हैं और परिवार के साथ रह रहे हैं। अगस्त 2024 को एक व्यक्ति एचडीएफसी बैंक के कुछ कर्मचारियों के साथ सोसायटी में पहुंचा। जहां उन्होंने फ्लैट पर खाली करने का नोटिस चस्पा कर दिया। छानबीन में जानकारी हुई कि उन्हें पूर्व में बिक्री किया गया फ्लैट गोल्डी गुप्ता और नितिन गुप्ता ने धोखाधड़ी कर बेच दिया है। पीड़ित के मुताबिक दोनों आरोपियों ने पूर्व में भी कई लोगों के साथ धोखाधड़ी की है। शिकायत करने पर कोई समाधान नहीं निकला। एसीपी ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# किराये के कमरे में फंदा लगाकर की आत्महत्या

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 22 मई।** सेक्टर-10 थाना क्षेत्र स्थित अंजना कॉलोनी में किराये पर रहने वाले बिहार के बेगूसराय निवासी जियाउल (50) ने 20 मई को फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस मामले में छानबीन कर रही है। वह बैग बनाने वाली कंपनी में काम करते थे। जियाउल के भाई रियाजुल अंजना कॉलोनी की दूसरी गली में रहते हैं। पुलिस ने उनसे पूछताछ की है। सेक्टर-10 थाना प्रभारी दिलबाग ने बताया कि मामले की गहनता से छानबीन की जा रही है, कोई संदिग्ध बात सामने आती है तो उसी आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

# 75 विद्यालयों में लगेगा रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, हर साल बचेगा 50 करोड़ लीटर जल

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 मई।

दिल्ली में 75 सीएमश्री स्कूलों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को दोबारा शुरू किया जाएगा। इस योजना के जरिए दिल्ली सरकार ने हर साल करीब 50 करोड़ लीटर वर्षा जल संरक्षित करने का लक्ष्य रखा है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के सामने बृहस्पतिवार को इस परियोजना को लेकर प्रस्तुति दी गई, जिसमें स्कूलों में पहले से मौजूद रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की स्थिति और उनकी कमियों की जानकारी दी गई। जांच में सामने आया कि ज्यादातर स्कूलों में सिस्टम तो बने हैं, लेकिन लंबे समय से बंद हैं या उनकी देखरेख नहीं हुई।



कई जगह गड्ढों में कचरा, गाद और प्लास्टिक भरा मिला, जबकि कुछ स्कूलों को पता नहीं था कि उनके परिसर में ऐसी व्यवस्था मौजूद है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार का उद्देश्य वर्षा जल संरक्षण को मजबूत करना, भूजल स्तर बढ़ाना और बच्चों व समाज में पानी बचाने के प्रति जागरूकता पैदा करना है। उन्होंने जानकारी साझा की कि दिल्ली में औसतन 775 मिमी बारिश होती है और करीब 2500 वर्ग फुट की छत से सालाना करीब दो लाख लीटर पानी बचाया जा सकता है।

**बारिश का पानी फिल्टर कर स्टोर होगा :** सरकारी स्कूलों में गैर सरकारी संगठन एहसास के मॉडल को अपनाएगी, जिसे दिल्ली जल बोर्ड पहले ही मंजूरी दे चुका है। इस मॉडल के तहत छतों से आने वाले बारिश के पानी को फिल्टर कर स्टोरेज और बोरवेल से जोड़ा जाएगा। इससे भूजल स्तर बढ़ाने और सूखे बोरवेल को दोबारा चालू करने में मदद मिलेगी।

**बच्चों को भी सिखाएंगे पानी बचाना :** सीएम ने कहा कि इसके तहत स्कूलों में छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को पानी बचाने के लिए जागरूक करेंगे, इसके लिए कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। सीएम ने कहा है कि बच्चों के जरिए समाज में पानी बचाने की आदत को मजबूत किया जा सकता है।

**स्कूलों का ऑडिट पूरा हुआ**

तकनीकी टीमों ने 75 स्कूलों का ऑडिट पूरा कर लिया है। अब सुधार के तहत पाइपलाइन को सही चैनलों से जोड़ा जाएगा, गड्ढों की सफाई होगी, नए फिल्टर लगाए जाएंगे और सिस्टम की नियमित देखरेख की व्यवस्था की जाएगी। सरकार ने प्रत्येक स्कूल में इसके रखरखाव के लिए अलग बजट देने का भी फैसला लिया है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA



## दलाई लामा की मौजूदगी में अद्भुत शांति का हुआ अहसासः भूमि पेडनेकर

हाल ही में अभिनेत्री भूमि पेडनेकर हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला पहुंचीं, जहां उन्होंने तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा से मुलाकात की। अपने सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए अभिनेत्री ने इस खास पल को प्रशंसकों के साथ साझा किया, जिसके बाद उनकी पोस्ट तेजी से वायरल होने लगी। भूमि पेडनेकर ने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें साझा कीं, जिनमें वह दलाई लामा के साथ शांत माहौल में बैठी नजर आईं। कुछ तस्वीरों में धर्मशाला की खूबसूरत पहाड़ियां, बौद्ध मठ और वहां का आध्यात्मिक वातावरण भी दिखाई दिया। अभिनेत्री ने अपने पोस्ट के कैप्शन में लिखा कि दलाई लामा की मौजूदगी में उन्हें अद्भुत शांति और सुकून का एहसास हुआ। उन्होंने कहा कि वहां बिताया गया समय किसी सपने जैसा लग रहा था और जब वह वापस लौटीं तो उनकी आंखों से आंसू निकल आए। भूमि के अनुसार, इस अनुभव को शब्दों में पूरी तरह व्यक्त करना आसान नहीं है, क्योंकि इसे उन्होंने दिल से महसूस किया।



## अकेला कैसे हो सकता हूं, जब मेरे पास इतना बड़ा परिवार हैः सलमान

हाल ही में सोशल मीडिया पर अभिनेता सलमान खान को लेकर उस समय चचाएं तेज हो गईं, जब उन्होंने अकेलेपन और अकेले रहने को लेकर एक पोस्ट साझा किया। उनकी इस पोस्ट को पढने के बाद कई लोगों ने इसे उनकी निजी जिंदगी से जोड़कर देखना शुरू कर दिया। अब सलमान खान ने खुद सामने आकर इस पूरे मामले पर सफाई दी है। सलमान खान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक नोट साझा करते हुए लिखा कि लोग उनकी बातों का गलत मतलब निकाल रहे हैं। सलमान ने कहा, 'अरे यार, मैं अपने बारे में बात नहीं कर रहा था। मैं अकेला कैसे हो सकता हूं, जब मेरे पास इतना बड़ा परिवार और इतने शानदार दोस्त हैं? आप लोगों का प्यार, शुभकामनाएं और दुआएं हमेशा मेरे साथ हैं। अगर इतना सब होने के बाद भी मैं खुद को अकेला महसूस करूं, तो मैं दुनिया का सबसे बड़ा नाशुक्रा इंसान होऊंगा।' अभिनेता ने आगे समझाया कि कभी-कभी उनकी 'सोशल बैटरी' खत्म हो जाती है, यानी लगातार लोगों के बीच रहने और बातचीत करने के बाद उन्हें कुछ समय अकेले बिताने की जरूरत महसूस होती है।

# मीट कौर ने बिखेरा जलवा

79वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में अभिनेत्री मीट कौर ने अपने शानदार रेड कार्पेट लुक से अंतरराष्ट्रीय मंच पर खास पहचान बनाई है। फैशन और ग्लैमर से भरे इस प्रतिष्ठित समारोह में मीट कौर का स्टाइलिश अंदाज सोशल मीडिया और फैशन जगत में चर्चा का विषय बना हुआ है। रेड कार्पेट पर मीट कौर ने नेवी ब्लू और सिल्वर रंग का बेहद आकर्षक वन-शोल्डर गाउन पहना, जिसमें आधुनिक फैशन और रॉयल एलिगेंस का शानदार मेल दिखाई दिया। उनके गाउन पर की गई सिल्वर डिटेलिंग और फ्लोइंग मेटैलिक ड्रेप ने उनके पूरे लुक को और ज्यादा भव्य बना दिया। अभिनेत्री ने अपने इस ग्लैमरस अंदाज को डायमंड ज्वेलरी और क्लासिक स्टाइलिंग के साथ पूरा किया। उन्होंने सटल लेकिन ग्लोइंग मेकअप और क्लासिक अपडू हेयरस्टाइल के जरिए अपने लुक को बेहद आकर्षक बनाया।

फैशन एक्सपर्ट्स का मानना है कि मीट कौर का यह अंदाज इस साल कान्स में भारतीय प्रतिनिधित्व के सबसे चर्चित लुक्स में से एक बन गया है। रेड कार्पेट पर उनके आत्मविश्वास भरे अंदाज और दमदार प्रेजेंस ने दुनियाभर से आए मेहमानों और मीडिया का ध्यान खींचा।







## कान्स में जैकलीन लुक बना चर्चा का केंद्र

कान्स फिल्म फेस्टिवल 2026 में अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस लगातार अपने ग्लैमरस अंदाज से सुर्खियां बटोर रही हैं। शानदार डेब्यू के बाद अब उन्होंने ग्लोबल गिफ्ट गाला में अपने दूसरे लुक से एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय फैशन मंच पर सबका ध्यान आकर्षित किया है। सोशल मीडिया पर उनके नए अंदाज की तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं। इस खास इवेंट में जैकलीन ने डिजाइनर रिचर्ड क्विन के एसएस-26 कलेक्शन का आइवरी शेड स्ट्रैपलेस गाउन पहना। उनके आउटफिट में मॉडर्न फैशन और क्लासिक हॉलीवुड ग्लैमर का खूबसूरत मेल देखने को मिला। ब्लैक ओपेरा ग्लव्स ने उनके पूरे लुक को और ज्यादा आकर्षक बना दिया। जैकलीन ने अपने इस ग्लैमरस अंदाज को लग्जरी ज्वेलरी के साथ पूरा किया। पर्ल नेकपीस और एलिगेंट डिटेलिंग ने उनके लुक में रॉयल टच जोड़ दिया। फैशन एक्सपर्ट्स का मानना है कि जैकलीन का यह अंदाज अंतरराष्ट्रीय रेड कार्पेट फैशन के लिहाज से बेहद प्रभावशाली रहा। अभिनेत्री की सबसे बड़ी खासियत केवल उनका फैशन सेंस नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा भी मानी जा रही है। हर बड़े मंच पर वह अपने स्टाइल और कॉन्फिडेंस से अलग पहचान बनाने में सफल रहती हैं।



## नेमार फिर चोटिल हुए, विश्वकप में खेलने पर संशय छाया

**यो डी जनेरियो, यूटर्न/ 22 मई।** ब्राजील के स्टार फुटबॉलर नेमार एक बार फिर चोटिल हो गये हैं।ऐसे में अगले माह होने वाले फीफा विश्वकप में उनके खेलने को लेकर एक बार फिर संशय छा गया है। नेमार लंबे समय के बाद हाल ही में मैदान पर लौटे थे जिसके बाद उन्हें विश्वकप के लिए टीम में भी शामिल किया गया था पर अब उनके चोटिल होने से प्रशंसकों में निराशा का भाव है।इसका कारण है कि अब विश्वकप में एक माह से भी कम समय है। 34 साल के नेमार सैंटोस आजकर अपने क्लब की ओर से खेलकर फिटनेस हासिल करने में लगे थे पर सैन लोरेंजो के खिलाफ अपनी टीम के घरेलू कोपा सुदामेरिकाना मैच में वह नहीं उतरे।इसका कारण उनकी पिंडली में लगी चोट को बताया गया है हालांकि क्लब का कहना है कि उनकी चोट गंभीर नहीं है और चिंता की जरुरत नहीं है। सैंटोस टीम के डॉक्टर रोड्रिगो जोगैब ने उम्मीद जतायी है कि नेमार 27 मई को ब्राजील के विश्व कप से पहले होने वाले पहले ट्रेनिंग सेशन के लिए फिट हो जायेंगे। जोगैब ने कहा, नेमार नेशनल टीम में पूरी तरह फिट या लगभग फिट होकर शामिल होंगे।इस बात की भी संभावना है कि वह अगले मंगलवार को डेपोटिवों कुएन्का के खिलाफ खेल सकते हैं। गौरतब है कि नेमार ब्राजील के लिए अब तक सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। नेमार ने 128 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 79 गोल दागे हैं। नेमार ने अंतिम बार अक्टूबर 2023 में ब्राजील के लिए खेला था। उस समय उरुग्वे के खिलाफ विश्व कप क्वालिफायर मैच के दौरान उनके घुटने में गंभीर चोट लग गयी थी।



## विंबलडन में नजर नहीं आयेंगे अल्काराज, प्रशंसक निराश हुए

**पेरिस, यूटर्न/ 22 मई।** यहां अगले माह 29 जून से शुरू हो रहे विंबलडन टेनिस टूनामेंट में स्पेन के टेनिस स्टार कार्लोस अल्काराज खेलते हुए नहीं दिखेंगे। अल्काराज ने कलाई की गंभीर चोट के कारण इस वर्ष के विंबलडन और क्वींस क्लब टूनामेंट से नाम वापस ले लिया है। इससे उनके प्रशंसकों में निराशा का माहौल है। विशेषज्ञों का मानना है कि अल्काराज जैसे स्टार खिलाड़ी के नहीं होने से टूनामेंट का आकर्षण घटेगा। कार्लोस अल्काराज को इस समय टेनिस के सबसे आक्रामक और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों में शामिल किया जाता है पर उनकी यह चोट इस पूरे सीजन की तस्वीर को बदलने वाली साबित हुई है। इसी कारण उन्हें आधिकारिक तौर पर घोषणा करना पड़ी है कि वह आगामी विंबलडन में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। ज्ञात हो कि उन्हें पिछले महीने बार्सिलोना ओपन के दौरान दाहिने हाथ की कलाई में चोट लगी थी, जिसके बाद से वे कोर्ट से बाहर हैं। यह चोट अल्काराज को बार्सिलोना ओपन के शुरूआती मुकाबले में महसूस हुई थी। दर्द बढ़ने के कारण उन्हें दूसरे दौर का मैच बीच में ही छोड़ना पड़ा। इस घटना के बाद, उन्होंने पूरे क्ले कोर्ट सत्र से भी दूरी बना ली थी, जिसमें ग्रैंड स्लैम टूनामेंट फ्रेंच ओपन भी शामिल था।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## संक्षिप्त खबरें

**कुक जूनियर एसपीआईईएफ में पुतिन के पूर्ण सत्र के संबोधन में होंगे शामिल**

वाशिंगटन, 22 मई (स्पूतनिक) अमेरिका के ललित कला आयोग के अध्यक्ष रॉडनी मिम्स कुक जूनियर ने कहा है कि वह रूस के सेंट पीटर्सबर्ग अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मंच (एसपीआईईएफ) के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे और उन्हें रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के पूर्ण सत्र के संबोधन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। श्री कुक जूनियर ने रूस की न्यूज एजेंसी आरआईए नोवोस्ती से कहा, ' आयोजक समूह और विदेश विभाग ने पुष्टि की है कि मुझे श्री पुतिन के संबोधन वाले पूर्ण सत्र के लिए आमंत्रित किया गया है। मैं इसमें शामिल होऊंगा। उन्होंने बताया कि वह कई सालों में इस मंच में शामिल होने वाले अमेरिका के पहले आधिकारिक प्रतिनिधि होंगे। गौरतलब है कि सेंट पीटर्सबर्ग अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मंच तीन से छह जून तक चलेगा।

## लाओस में मिला अनोखा जार, इसमें इंसानी अवशेष सुरक्षित और अछूते मिले

**लाओस, यूटर्न/ 22 मई।** लाओस में पुरातत्वविदों को बहुत ही अनोखा और विशाल पत्थर का जार यानी मटका मिला है। इन मटकों को डेथ जार 1 नाम दिया गया है। करीब 12 सौ साल पुराने इस जार की खास बात यह है कि इसके अंदर इंसानी अवशेष बिल्कुल सुरक्षित और अछूते मिले हैं। इतिहास में यह पहली बार है जब किसी ऐसे जार में पुख्ता इंसानी अवशेष मिले हैं। इससे यह साबित होता है कि प्राचीन समय में इनका इस्तेमाल अंतिम संस्कार से जुड़े कामों के लिए किया जाता था। रिसर्चर्स का मानना है कि यह शवों को दफनाने की आखिरी जगह नहीं थी, यहां अंतिम संस्कार की प्रक्रिया का सिर्फ एक हिस्सा होता था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस जार की बनावट लाओस में मिले अन्य जारों से काफी अलग है। इसकी दीवारें बेहद मोटी हैं, इसका निचला हिस्सा चौड़ा है और यह एक बड़े कटोरे जैसा दिखाई देता है।

# बलूचिस्तान में जबरन गुमशुदगी और हत्या के मामले बढ़े, मानवाधिकार संगठनों ने जताई चिंता

» **क्वेटा, यूटर्न/ 22 मई।**



बलूचिस्तान में आम नागरिकों के खिलाफ हिंसा लगातार जारी रहने के बीच, एक प्रमुख मानवाधिकार संगठन ने दो नागरिकों की कथित तौर पर पाकिस्तान की सेना की ओर से की गई गैर-न्यायिक हत्या को सामने लाया है।

मानवाधिकार संगठन बलूच यकजेहती कमेटी (बीवाईसी) ने शुक्रवार को केच जिले के तुरबत इलाके में 21 मई को एक बुजुर्ग किसान शेरदिल की हत्या की कड़ी निंदा की। संगठन का आरोप है कि पाकिस्तान की फ्रंटियर कोर (एफसी) के जवानों ने उनकी जमीन के पास गोलीबारी की।

स्थानीय सूत्रों का हवाला देते हुए मानवाधिकार संस्था ने बताया कि गोलीबारी के दौरान शेरदिल को गोली लगी और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बीवाईसी ने कहा कि बलूचिस्तान में हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। अलग-अलग इलाकों से लोगों की हत्या और शव मिलने की खबरें आ रही हैं। लोग बेहद दर्द और दुख में जी रहे हैं, खासकर उन दिनों में जो शांति और साथ के होने चाहिए। आम लोगों को न तो सुरक्षा मिल रही है और न ही न्याय। एक और घटना में, 21 साल के ड्राइवर मोहसिन का शव 19 मई को पंजगुर जिले के पारूम इलाके में मिला, जो लगभग 66 दिन पहले जबरन गायब कर दिया गया था।


बीवाईसी के अनुसार, मोहसिन को 16 मार्च को पारूम के जीरक चेकपोस्ट से जबरन गायब किया गया था।

आरोप है कि एफसी के जवानों ने उसे हिरासत में लिया और बाद में हिरासत के दौरान उसकी हत्या कर दी और उसका शव फेंक दिया। बीवाईसी ने अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों और वैश्विक संस्थाओं से अपील की है कि बलूचिस्तान की बिगड़ती मानवाधिकार स्थिति पर तुरंत ध्यान दें। उन्होंने जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई, न्याय, नागरिकों की सुरक्षा और प्रभावित परिवारों के सम्मान की भी मांग की है। इसी बीच, स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शुक्रवार को बलूचिस्तान के अलग-अलग जिलों से सात नागरिकों को जबरन गायब कर दिया गया, जिनमें एक नाबालिग लड़का, एक गायक, मजदूर, एक मछुआरा और एक ड्राइवर शामिल हैं।

द बलूचिस्तान पोस्ट के हवाले से बताया गया कि इन लोगों को अलग-अलग जगहों पर कथित तौर पर पाकिस्तानी सुरक्षा बलों और खुफिया एजेंसियों ने हिरासत में लिया और बाद में गायब कर दिया। एक मामले में, 23 साल के ड्राइवर जावेद बलूच को 29 अप्रैल 2026 की शाम को ग्वादर जिले के धूर चेकपोस्ट पर मिलिट्री इंटेलिजेंस (एमआई) के कर्मियों ने हिरासत में लिया। एक अन्य घटना में, 20 साल के गायक खलील करीम को 30 अप्रैल को केच जिले के तुरबत के चाह सर इलाके से हिरासत में लेकर गायब कर दिया गया।

## अमेरिका में चीन से जुड़ी कंपनियों पर सख्त प्रतिबंध लगाने के लिए नया विधेयक पेश

» **वाशिंगटन, यूटर्न/ 22 मई।**



अमेरिका में दो वरिष्ठ रिपब्लिकन सांसदों ने चीन के सैन्य-औद्योगिक तंत्र से जुड़े चीनी संस्थानों पर प्रतिबंधों में तेजी लाने के उद्देश्य से एक विधेयक पेश किया है। उनका कहना है कि अमेरिका अब चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) से जुड़े खतरों के खिलाफ कार्रवाई में और देरी नहीं कर सकता। सीनेटर रिक स्कॉट और प्रतिनिधि एलिस स्टेफानिक ने 'सीसीपी सैंक्शंस शॉट क्लॉक एक्ट' पेश किया। इस विधेयक के तहत अमेरिकी ट्रेजरी विभाग को उन चीनी व्यक्तियों या संस्थाओं के खिलाफ एक साल के भीतर कार्रवाई करना जरूरी होगा, जिन्हें अमेरिकी सरकार ने सुरक्षा के लिए खतरा माना है। इस विधेयक का मकसद वित्त वर्ष 2026 के लिए राष्ट्रीय रक्षा प्राधिकरण अधिनियम में संशोधन करना है। इसके तहत एक साल की 'शॉट क्लॉक' (समय सीमा) तय की जाएगी, जिसके भीतर पहचानी गई संस्थाओं को ट्रेजरी विभाग की 'नॉन-एसडीएन चीनी सैन्य-औद्योगिक कॉम्प्लेक्स कंपनियों की सूची' में शामिल करना होगा। वर्तमान कानून के तहत अमेरिकी राष्ट्रपति को हर दो साल में एक रिपोर्ट पेश करनी होती है, जिसमें उन नागरिकों या संस्थाओं की पहचान की जाती है जो अमेरिकी सरकारी सूचियों में शामिल हैं और जिन्हें एनएस-सीएमआईसी सूची में डाला जा सकता है।



## सूडान में डेंगू, एमपॉक्स और हैजा का खतरा बढ़ा, हालात पर नियंत्रण के प्रयास में जुटीं राहत एजेंसियां

**संयुक्त राष्ट्र, यूटर्न/ 22 मई।** सूडान में सुरक्षा की खराब स्थिति और राहत पहुंचाने में आ रही मुश्किलों के बीच मदद करने वाली एजेंसियां डेंगू, मंकीपॉक्स (एमपॉक्स) और संदिग्ध कॉलरा (हैजा) के फैलते मामलों को काबू में करने की कोशिश कर रही हैं। संयुक्त राष्ट्र के ऑफिस फॉर द को-ऑर्डिनेशन ऑफ 'मैनिटेरियन अफेयर्स (ओसीएचए) ने यह जानकारी दी। ओसीएचए के मुताबिक, वेस्ट कोर्डोफान राज्य के एल नुहुद इलाके में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और उसके साझेदार संदिग्ध तीव्र 'एक्यूट वाटरी डायरिया' (तेज दस्त) के फैलाव से निपट रहे हैं, जिसे आमतौर पर कॉलरा से जोड़ा जाता है। इस हफ्ते वहां 100 से ज्यादा संदिग्ध मामले और कई मौतों की खबर मिली है। दारफुर क्षेत्र में संयुक्त राष्ट्र की राहत एजेंसियां स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ मिलकर सेंट्रल और साउथ दारफुर राज्यों में संदिग्ध एमपॉक्स फैलाव से निपटने में लगी हैं। ओसीएचए ने बताया कि इस हफ्ते वहां 300 से ज्यादा संदिग्ध मामले और पांच मौतें सामने आई हैं।

## ट्रंप ने पोलैंड में पांच हजार अतिरिक्त अमेरिकी सैनिक भेजने का किया ऐलान



**वाशिंगटन, यूटर्न/ 22 मई।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उनकी सरकार पोलैंड में अतिरिक्त पांच हजार अमेरिकी सैनिक भेजेगी। ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा, 'पोलैंड के राष्ट्रपति कैरोल नवरोकी की सफल जीत और उनके साथ हमारे अच्छे रिश्तों को देखते हुए, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि अमेरिका पोलैंड में अतिरिक्त 5,000 सैनिक भेजेगा। मुझे राष्ट्रपति का समर्थन करने पर गर्व है।' समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, यह टिप्पणी पेंटागन की ओर से पोलैंड में 4,000 से अधिक यूएस-आधारित सैनिकों की नियोजित तैनाती को अचानक टालने के एक सप्ताह बाद आई है। पिछले साल पोलैंड में कैरोल नावरोकी राष्ट्रपति चुने गए थे। अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस समय यूरोप में करीब 80,000 अमेरिकी सैनिक मौजूद हैं, जिनमें से लगभग 10,000 पोलैंड में तैनात हैं। इससे पहले पेंटागन ने यह भी घोषणा की थी कि अगले 6 से 12 महीनों में करीब 5,000 अमेरिकी सैनिकों को जर्मनी से वापस बुलाया जाएगा।

## अमेरिका ने बायोटेक वर्कफोर्स आकलन के लिए विधेयक पेश किया, चीन से प्रतिस्पर्धा पर फोकस

» **वाशिंगटन, यूटर्न/ 22 मई।**

अमेरिका के दो लॉमेकर्स (एक रिपब्लिकन और एक डेमोक्रेट) ने एक नया प्रस्ताव पेश किया है। इस प्रस्ताव का मकसद यह पता लगाना है कि अमेरिका के पास बायोटेक्नोलॉजी (जैव प्रौद्योगिकी) के क्षेत्र में काम करने के लिए पर्याप्त कुशल लोग हैं या नहीं। यह कदम इसलिए उठाया गया है क्योंकि अमेरिका अब भविष्य की जरूरी तकनीकों के मामले में चीन के साथ अपनी प्रतिस्पर्धा को और मजबूत कर रहा है। भारतीय-अमेरिकी लॉमेकर रो खन्ना और प्रतिनिधि रिच मैककॉर्मिक ने गुरुवार को मिलकर 'फेडरल बायोटेक्नोलॉजी वर्कफोर्स असेसमेंट एक्ट' नाम का बिल पेश किया। इसका उद्देश्य यह पता लगाना है कि क्या अमेरिकी सरकार के पास बायोटेक्नोलॉजी सेक्टर को तेजी से बढ़ाने के लिए पर्याप्त और कुशल लोग मौजूद हैं या नहीं।



इस कानून के तहत ऑफिस ऑफ पर्सनेल मैनेजमेंट एंड बजट विभाग को दूसरे सरकारी एजेंसियों के साथ मिलकर यह तय करना होगा कि 'बायो-लिटरेट' यानी बायोलॉजी और बायोटेक समझने वाले कर्मचारियों की परिभाषा क्या है और अभी और भविष्य में कितने लोगों की जरूरत पड़ेगी।

इन सांसदों के अनुसार, इसके बाद एक रिपोर्ट बनाई जाएगी और उसे कांग्रेस को सौंपा जाएगा। इस रिपोर्ट की मदद से आगे चलकर भर्ती और ट्रेनिंग की नीतियां बनाई जाएंगी।

## कांगो में इबोला के बढ़ते मामलों के बीच दक्षिण कोरिया ने तीन प्रांतों के लिए कड़े यात्रा प्रतिबंध लगाए

**सोल, यूटर्न/ 22 मई।** दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि वह कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) में इबोला वायरस के फैलाव को देखते हुए वहां के तीन प्रांतों के लिए यात्रा प्रतिबंध और कड़ा करेगा। योनहाप समाचार एजेंसी के अनुसार, मंत्रालय ने बताया कि शुक्रवार दोपहर दो बजे से इटुरी प्रांत के लिए 'लेवल चार' ट्रैवल अलर्ट जारी किया जाएगा, जो देश की चार-स्तरीय चेतावनी प्रणाली में सबसे ऊंचा स्तर है। यह कदम इबोला से जुड़ी मौतों में लगातार बढ़ोतरी के कारण उठाया गया है।

इस नए फैसले के बाद, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में 'नो-ट्रैवल जोन' वाले प्रांतों की संख्या बढ़कर तीन हो जाएगी- इटुरी, नॉर्थ किवु और साउथ किवु। मंत्रालय ने कहा कि जो दक्षिण कोरियाई नागरिक बिना विशेष अनुमति के इन क्षेत्रों में जाएंगे या वहां रहेंगे, उन पर पासपोर्ट कानून के तहत कार्रवाई हो सकती है।

## अमेरिका के सीनेट बिल में यूक्रेन को इंटेलिजेंस सपोर्ट और भारत समेत साझेदार देशों से सहयोग बढ़ाने पर जोर

» **वॉशिंगटन, यूटर्न/ 22 मई।**

अमेरिकी सीनेट की एक अहम इंटेलिजेंस समिति ने एक व्यापक इंटेलिजेंस ऑथराइजेशन बिल को आगे बढ़ाया है। इस बिल में यूक्रेन को अमेरिकी इंटेलिजेंस सहायता जारी रखने, भारत सहित इंडो-पैसिफिक सहयोगियों के साथ सहयोग को गहरा करने और चीन व रूस को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के निर्यात पर निगरानी को और सख्त करने के प्रावधान शामिल हैं। सीनेट की सेलेक्ट कमेटी ऑन इंटेलिजेंस ने गुरुवार को फाइनेंशियल ईयर 2027 के लिए इंटेलिजेंस ऑथराइजेशन एक्ट (आईएए) को कुछ संशोधनों के साथ मंजूरी दे दी। कोलोराडो के डेमोक्रेटिक सीनेटर माइकल बेनेट ने कहा कि मैं लगातार उन संसाधनों और अधिकारों के लिए लड़ रहा हूं, जिनकी हमारे खुफिया कर्मियों को जरूरत है। इनमें हजारों कोलोराडो के लोग भी शामिल हैं, जो हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा करते हैं। उन्होंने कहा कि यह कानून यह सुनिश्चित करेगा कि खुफिया एजेंसियां अपना 'महत्वपूर्ण काम जारी रख सकें।



Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *